Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

वर्ष 14 अंक 1 जनवरी, 2000

उन्मीलन

मानसिक हिन्दस्वराज का वैतालिक दार्शनिक षाण्मासिक

सम्पादक

यशदेव शल्य : मुकुन्द लाठ

सहयोगी

गोविन्दचन्द्र पाण्डे, दयाकृष्ण

रमेशचन्द्र शाह, अशोक वाजपेयी

दर्शन प्रतिष्ठान, जयपुर

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

वर्ष 14 अंक 1

जनवरी, 2000

उन्मीलन

मानसिक हिन्दस्वराज का वैतालिक दार्शनिक षाण्मासिक

सम्पादक

यशदेव शल्य : मुकुन्द लाठ

सहयोगी

गोविन्दचन्द्र पाण्डे, दयाकृष्ण
रमेशचन्द्र शाह, अशोक वाजपेयी

दर्शन प्रतिष्ठान, जयपुर

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

संपादन-सहयोगी

1. **गोविन्दचन्द्र पांडे,** 11, बलरामपुर हाऊस, इलाहाबाद - 211002
2. **दयाकृष्ण,** बी-189/ए, विश्वविद्यालय मार्ग, बापूनगर, जयपुर - 302015
3. **रमेशचन्द्र शाह,** निदेशक-निराला सृजन-पीठ, सी-165/1, प्रोफेसर कालोनी, भोपाल- 462002
4. **अशोक वाजपेयी,** सी 2/43, शाहजहां रोड, नई दिल्ली - 110011

संपादक

1. **यशदेव शल्य,** पी-51, मधुवन पश्चिम, किसान मार्ग, जयपुर - 302015
   दूरभाष 515693
2. **मुकुन्द लाठ,** ए37/38, विश्वामित्र मार्ग, श्याम नगर, अजमेर रोड, जयपुर 302006
   दूरभाष 213737 / 211725

वार्षिक शुल्क
व्यक्तिगत — रु. 30/-
संस्थाएं — रु. 50/-

आजीवन शुल्क
व्यक्तिगत — रु. 300/-
संस्थाएं — रु. 3000/-

यशदेव शल्य एवं मुकुंद लाठ द्वारा दर्शन प्रतिष्ठान, पी-51 मधुवन पश्चिम, किसान मार्ग, जयपुर-302015 के लिए विशाल कम्प्यूटर्स, जयपुर से लेज़र कंपोजिंग तथा कमल प्रिन्टर्स, जयपुर में मुद्रित।

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

विषय-सूची

हिन्दी

1. प्रमेयसिद्धिः प्रमाणाद्धि अथवा प्रमाणसिद्धिः प्रमेयाद्धि — अम्बिकादत्त शर्मा 1–12
2. अपोह, अभाव और अनेकान्त — दयाकृष्ण 13–20
3. काव्य-तत्त्व-2 – यशदेव शल्य 21–26
4. उन्मीलन-गोष्ठी–1 27–40
   विषय — काव्य-तत्त्व
   मुकुन्द लाठ, सरला कल्ला, यशदेव शल्य
5. उन्मीलन-गोष्ठी–2 41–52
   विषय — धर्म और नीति
   सरला कल्ला, यशदेव शल्य, मुकुन्द लाठ

संस्कृत

1. सविकल्पक निर्विकल्पक विचारः — टी. श्रीनिवास शास्त्री 53–64
2. उपनिषद् दर्शनम् — सिद्धेश्वरप्रसादः 65–72
3. विध्यर्थः धर्माधर्म निर्णयश्च — डी. प्रह्लादाचारः 73–76

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

आवश्यक सूचनाएँ

1. इस वर्ष से उन्मीलन का वार्षिक शुल्क व्यक्तिगत क्रेताओं के लिए रु. 40/- और संस्थाओं के लिए रु. 70/- किया जा रहा है। किन्तु पत्रिका के पिछले अंकों की प्रतियाँ क्रमशः 20/-रु. एवं 35/- वार्षिक की दर से उपलब्ध होंगी। 1987 से 1998 तक के सभी अंकों की प्रतियाँ, 1994-95 को छोड़कर, अभी उपलब्ध हैं। 27/-रु डाक-व्यय अतिरिक्त देय होगा। यह रियायत 1998 तक के अंकों के लिए ही होगी।
2. प्रतिष्ठान द्वारा प्रकाशित तीन पुस्तकें, जिनका कुल मूल्य रु. 625/-रु. है, एकाधिकृत पुस्तक विक्रेताओं से वापिस ले ली गई हैं। अब ये प्रतिष्ठान से सीधे क्रय करने वालों को 40% कम मूल्य पर उपलब्ध हो सकेंगी। 25/-रु. डाक व्यय अतिरिक्त होगा। पुस्तकों के नाम निम्न प्रकार हैं:—
   1. मूल्यतत्त्व-मीमांसा : यशदेव शल्य, 200/-रु.
   2. चिद्विमर्श : यशदेव शल्य, 175/-
   3. प्रमुख भारतीय तथा पाश्चात्य दर्शन-धाराएँ : यशदेव शल्य तथा भगवती 250/-रु.

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

प्रमेयसिद्धिः प्रमाणाद्धि अथवा प्रमेयाद्धि प्रमाणसिद्धिः

अम्बिकादत्त शर्मा

भारतीय दार्शनिक चिंतन का एक बहुत बड़ा भाग प्रमाणमीमांसीय चिन्तन से सम्बद्ध है। प्रमाणमीमांसा के अधिकांश प्रश्न प्रमाणों के स्वरूप एवं विनियोग से सम्बन्धित माने जाते हैं। कुछ एक ऐसे भी प्रश्न हैं जिनका सम्बन्ध प्रमाण-दर्शन से होता है। इन्हीं प्रश्नों की पृष्ठभूमि में इस तथ्य का उद्‌घाटन सम्भव हो पाता है कि कोई प्रमाण अपने स्वरूप एवं विनियोग में क्यों ऐसा ही है, अन्यथा क्यों नहीं है? भारतीय दर्शन के इतिहास में 'मानाधीना मेयसिद्धिः' और 'मेयाधीना मानसिद्धिः' को प्रमाण-दर्शन से सम्बन्धित ऐसे ही दो आधारभूत प्रश्नों के रूप में स्वीकार किया जा सकता है। वस्तुतः ये दोनों प्रश्न अपनी प्रकृति में प्रस्थानमूलक हैं जो भारतीय दर्शन की दो भिन्न प्रकार की प्रमाणमीमांसीय संरचना को प्रस्तावित करते हैं। दोनों प्रकार कीं प्रमाणमीमांसीय संरचनायें अपने अपने तरीके से तत्त्वमीमांसा और प्रमाणमीमांसा के पारस्परिक सम्बन्ध को व्याख्यायित करते हुए प्रमाणों की प्रस्थिति एवं भूमिका को निर्धारित करती हैं। प्रस्तुत निबन्ध में हमारा उद्देश्य 'मानाधीना मेयसिद्धिः' और 'मेयाधीना मानसिद्धिः' की निष्पत्तियों को विश्लेषित करते हुए यह दिखाना होगा कि वास्तव में प्रमाणों का कार्य क्या है? क्या प्रमाणों की भूमिका अन्वेषणात्मक है अथवा प्रमाण केवल तत्त्व का बौद्धिक निदर्शन कराते हैं? इस मूलभूत प्रश्न की समीक्षा करते हुए हम यह भी दिखाने का प्रयास करेंगे कि प्रमाणों से प्रमेयसिद्धि अथवा प्रमेयापादन का दावा वैसा ही नहीं है जैसा कि समझा जाता है। प्रत्येक प्रमाणमीमांसीय चिन्तन की एक तात्त्विक पृष्ठभूमि होती है। हमारा प्रमाणमीमांसीय चिन्तन उसी पृष्ठभूमि से आरम्भ होता है और अन्ततः हमें उसी में लौटना होता है। अलग-अलग प्रकार की प्रमाणमीमांसीय संरचनाओं की विशिष्टता केवल इस बात में निहित होती है कि ये भिन्न भिन्न प्रकार की तात्त्विक दृष्टि या सत् विषयक प्रतिमानों को निदर्शित करते हुए उनके पारस्परिक भेदों को प्रतिपादित करने में सहायक हुआ करते हैं।

(I)

प्रायः सभी आस्तिक दर्शनों में 'मानाधीनामेयसिद्धिः' को सर्वतन्त्र स्वतन्त्र सिद्धान्त के रूप में स्वीकार किया गया है। सांख्यवादियों का 'प्रमेयसिद्धिः प्रमाणाद्धि'[1] और वात्स्यायन का 'प्रमाणतोऽर्थप्रतिपत्तौ प्रवृत्तिसामर्थ्यादर्थवत्प्रमाणम्'[2] इतिविषयक प्रस्थानमूलक अभिकथन के रूप में प्रसिद्ध हैं। गङ्गेश उपाध्याय तो इससे भी आगे बढ़ कर "प्रमाणाधीना सर्वेषां व्यवस्थितिः" का उद्‌घोष करते हैं।[3] सामान्यतया इनकी प्रमाणमीमांसा का समारम्भ इस

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

प्रश्न से होता है कि अमुक अमुक प्रमाण उपलब्ध हैं और इनसे हम क्या क्या सिद्ध कर सकते हैं जो वास्तव में अस्तित्वान है। उपलब्ध प्रमाणों की संख्या तो निश्चित की जा सकती है लेकिन प्रमेयों के सम्बन्ध में ऐसा किया जाना सम्भव नहीं। अतएव नैयायिकों को अन्ततः अपने आप को अनियतपदार्थवादी ही स्वीकार करना पड़ता है।[4] न्यायसूत्रकार महर्षि गौतम ने सम्भवतः इसीलिए प्रमाणविषयक सूत्रों को प्रथम स्थान पर रखा है। चूंकि इनकी दृष्टि में प्रमाण ही समस्त पदार्थों का व्यवस्थापक हुआ करता है, एतदर्थ प्रमाणमीमांसा को प्राथमिकता देते हुए नैयायिकों ने 'प्रमाकरणं प्रमाणम्' को प्रमाण का सामान्य लक्षण स्वीकार किया है, क्योंकि प्रमाण-प्रवृत्ति के बिना प्रमेयविषयक प्रमा की उपलब्धि नहीं होती। अभिधेय और ज्ञेय के रूप में पदार्थों का सामान्य लक्षण भी प्रमाणमीमांसा की प्राथमिकता को ही सूचित करता है। यहां अवधेय है कि नैयायिकों ने प्रमाणों की गणना भी षोडश पदार्थों के अन्तर्गत की है। इस दृष्टि से प्रमाण भी प्रमेय कोटि में समाहित हो जाते हैं। ऐसा अभिमत अन्ततः प्रमाण-प्रमेय के मौलिक भेद को धूमिल करता हुआ प्रतीत होता है। नागार्जुन[5] ने अपने **विग्रहव्यावर्तनी** और विशेषकर **वैदल्यसूत्र** में प्रमाण-प्रमेय के लक्षणों का सम्प्लव दिखाते हुए अनेक आपत्तियों को उद्भावित किया है।

'मानाधीनामेयसिद्धिः' मानने वालों के लिए स्वयं प्रमाणसिद्धि का प्रश्न बहुत महत्त्वपूर्ण है। यदि सब कुछ प्रमाणेन सिद्ध होना चाहिए तो प्रमाण ही किस प्रकार स्वयंसिद्ध हो सकते हैं? प्रमाणों की सिद्धि प्रमाणान्तर के द्वारा मानने पर अनवस्था की प्रसक्ति स्वाभाविक ही है। अनवस्था-ग्रस्त होने से जो स्वयं असिद्ध है वह दूसरे की सिद्धि कैसे कर सकता है? यदि प्रमाण की सिद्धि लक्षण के द्वारा मानी जाय[6] तो लक्षण का ज्ञान भी प्रमाणपूर्वक ही होगा और फिर वही अनवस्था पूर्ववत् आसन्न रहेगी। प्रमाण-निरपेक्ष लक्षण जैसी कोई चीज़ 'स्व-लक्षण' तो हो सकती है किन्तु वह यहां अभिप्रेत नहीं। पर लक्षण का प्रमाणमुखेन होना एक अनिवार्य स्थिति है। ऐसी आधारभूत आपत्तियों से बचने के लिए कुछ लोगों ने प्रमाणों को 'प्रदीपवत्'[7] और कुछ लोगों ने ज्ञान को 'स्वतःप्रकाश' मानते हुए ज्ञानमात्र को नित्य आत्मा का धर्म स्वीकार किया है। न्यायाभिमत में आत्मा और ज्ञान के मध्य समवाय सम्बन्ध होता है। यहां आत्मा की चेतनता और ज्ञान से उसका समवाय सम्बन्ध ज्ञानस्वरूपत्वेन नहीं बल्कि ज्ञानाधिकरणत्वेन विवक्षित है। मीमांसकों की दृष्टि में आत्मा और ज्ञान के मध्य भेदसहिष्णु-अभेद रूप तादात्म्य सम्बन्ध होता है। अद्वैतवेदान्त में आत्मा स्वयं ज्ञानस्वरूप ही है। उपर्युक्त मतभेदों के बावजूद बौद्धेतर दार्शनिकों ने आत्मगत ज्ञान को प्रमाणफल तथा प्रमाणों को इस फल-निष्पत्ति का साधन मानकर प्रमाण और प्रमाणफल को साधन-साध्य रूप से व्यवस्थित किया है। यदि प्रमाण ज्ञानरूप नहीं तो हम कह सकते हैं कि जब जब हमें ज्ञान होता है तब तब किस माध्यम से वह उपलब्ध हुआ, इसका भी ज्ञान आनुषंगिक रूप से होना ही चाहिए। अतः ज्ञान की उपलब्धि मात्र से ही प्रमाणों का साधनत्व सिद्ध हो जाता है। इसके लिए प्रमाणान्तर की कल्पना व्यर्थ है।[8] प्रमाणान्तर की आवश्यकता तो तब होती जब प्रमाण को ही ज्ञानरूप माना जाता। प्रमाण और ज्ञान में

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

भेद मान लेने के कारण ही यह सम्भव हुआ कि एक ही प्रकार के प्रमेय की उपलब्धि विभिन्न प्रमाणों से एवं एक प्रमाण से भिन्न भिन्न प्रमेयों की उपलब्धि हो सकती है।[9] इस प्रकार 'मानाधीनामेयसिद्धिः' का सिद्धान्त मानने वालों के लिए प्रमाण और प्रमाणफल का पार्थक्य, प्रमाणफलरूपी ज्ञेयोपलब्धि के आश्रय के रूप में नित्य आत्मा की सत्ता तथा प्रमाणसम्प्लव की स्वीकृति आवश्यक हो जाती है।

पुनः, यदि प्रमाण साधन है तो उसके माध्यम से एक ओर प्रमा का साधन होता है तो दूसरी ओर प्रमा के विषय की सिद्धि भी होती है। ऐसी स्थिति में आत्मगत ज्ञान और विषय को जोड़ने के लिए सदैव प्रमाण की आवश्यकता होगी। आत्मा का सीधे विषय से सम्पर्क नहीं हो सकता। यदि इन्द्रियां इस सम्पर्क के लिए माध्यम का काम करती हैं तो इस सम्बन्ध में इन्द्रियप्राप्यकारित्व और इन्द्रिय-अप्राप्यकारित्व की जटिल समस्या उत्पन्न होती है। इन्द्रियों की प्राप्यकारिता का सिद्धान्त नैयायिकों एवं मीमांसकों के लिए बहुत ही उपादेय है। परंच इन्द्रियां अप्राप्यकारी हैं, इसके लिए भी बहुत प्रमाण प्रस्तुत किये जा सकते हैं।[10] इन्द्रियों को अप्राप्यकारी मान लेने पर 'इन्द्रियार्थ सन्निकर्षोत्पन्नं ज्ञानं प्रत्क्षम्' ही अनुपपन्न हो जाता है।[11] पुनः जब हमने एक बार किसी माध्यम को प्रमाण मान लिया तो उस माध्यम के दोषमुक्त प्रयोग से जो कुछ उपलब्ध होगा उसको भी प्रामाण्य ज्ञान स्वीकार करना पड़ेगा। इसीलिए शब्द को प्रमाण मान लेने पर श्रुतियों में उल्लिखित सब कुछ की प्रामाणिकता स्वीकार करनी पड़ती है। ध्यातव्य है कि श्रुतियों को लेकर भारतीय दर्शन में पर्याप्त मतभेद रहे हैं। यह मतभेद कतिपय अन्य प्रकार की कठिनाइयों एवं निष्पत्तियों को भी प्रस्तावित करता है।

'मानाधीनामेयसिद्धिः' के सिद्धान्त की मुख्य परिणति इस बात में होती है कि आत्मा में अवभासित होने वाली सभी वस्तुओं को पदार्थ की कोटि में सन्निविष्ट करना अनिवार्य हो जाता है। आत्मगत ज्ञान के विषय को कभी भी काल्पनिक संरचना से अभिहित नहीं किया जा सकता। ऐसी स्थिति में एक ओर विषय को ज्ञान से परे और पृथक् होना पड़ेगा तो दूसरी ओर ज्ञाता को ज्ञान में अपनी तरफ से कुछ जोड़ने का अधिकार नहीं होगा। यावत् उपलब्धियों को प्रमाण-प्रदत्त होना चाहिए। ज्ञान में ऐसा कुछ भी स्वीकार नहीं किया जा सकता जो प्रमाणों के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से उद्‌भूत हुआ हो। अतः विषय की आत्मा से पृथक् स्थिति, ज्ञान में प्रतिभासित यावत् वस्तुओं का विषयगत प्रामाण्य और आत्मा के विकल्पादि द्वारा विषयकर्त्तृत्व का सम्पूर्ण निषेध इत्यादि बातें 'प्रमेयसिद्धिः प्रमाणाद्धि' की आवश्यक निष्पत्तियां हैं। बौद्धेतर दार्शनिकों की प्रमाणमीमांसा अपने सामान्यरूप में उपर्युक्त निष्पत्तियों का ही एक दार्शनिक चक्रव्यूह है।

(II)

अब यहां विचारणीय है कि 'मानाधीनामेयसिद्धिः' की उपर्युक्त निष्पत्तियों की पृष्ठभूमि में प्रमेयसिद्धि विषयक प्रमाणों की साधनात्मक भूमिका और प्रस्थिति का क्या तात्पर्य है? इसका मतलब यह कदापि नहीं हो सकता कि प्रमाण से सिद्ध होना प्रमेय का अस्तित्व में

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

आना है। इस अभिमत में जानना और अस्तित्व-लाभ करना परस्पर निरपेक्ष प्रक्रियायें हैं। ज्ञान को जनक और अस्तित्व के कारण को एक दूसरे के लिए प्रयुक्त नहीं किया जा सकता। ज्ञात होने की प्रक्रिया में किसी वस्तु का पहले निर्माण और बाद में उसका ज्ञापन नहीं होता। वस्तुएँ सत्तासमवाय से स्वयं में ही सत्तावान् होती हैं। जब हम यह कहते हैं कि प्रमाणों से ही प्रमेय की सिद्धि होती है तो उपर्युक्त अभिप्रायों को अवश्य ही ध्यान में रखा जाना चाहिए।

'मानाधीनामेयसिद्धिः' के समर्थक दार्शनिक सत्ता की अज्ञात अवस्था को स्वीकार करते हैं। यह उनकी वस्तुवादी तत्त्वमीमांसा के लिए आवश्यक भी है। सत्ता की अज्ञात अवस्था, अर्थात् जब वह प्रमाणों की विषय न बनी हो, तब उसे एक अविभेदित स्थिति के रूप में स्वीकार किया जा सकता है। इस अवस्था में वह सत्तावान् भले ही हो लेकिन उसका अन्यों से भेद प्रतिपादित नहीं रहता है। दूसरी ओर हम चित्त की एक ऐसी स्थिति की कल्पना कर सकते हैं जो विषयाभिमुख होते हुए भी किसी वस्तु के ग्रहण में प्रवृत्त न हुआ हो। सत्ता की अविभेदित स्थिति से उसकी विषयरूपेणं उपलब्धि के लिए विषयाभिमुख चित्त का उससे सम्बन्धित होना आवश्यक है। नैयायिकों के अभिमत में अर्थसंवेदन के अतिरिक्त चैतन्य का और कोई अर्थ नहीं (नार्थसंवेदनाच्चैतन्यं नाम विद्यते।) यह सम्बन्ध अनिवार्य नहीं अपितु संयोगात्मक ही होता है। चित्त सम्बन्धित होकर सर्वप्रथम उसे विभेदित करता है। सत्ता की ज्ञानात्मक उपलब्धि चित्त द्वारा सम्पादित विभेदीकरण का ही परिणाम अथवा फल है। सांख्य, वेदान्त और न्यायदर्शन में इसी को ज्ञान की 'परिच्छेद्यता' कहा गया है। अतएव स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि प्रमेयसिद्धि में प्रमाणों की साधनात्मक भूमिका एवं प्रस्थिति का तात्पर्य उसे अन्यों से परिच्छेदित करना है। परिच्छेदन की शक्ति आत्मा या मन में निहित होती है। क्या प्रमाणों के द्वारा परिच्छेदित वस्तु का ग्रहण उस वस्तु का आपादन है? अवधेय है कि सत्ता को अन्यों से विभेदित करते हुए उसे वस्तु विशेष के रूप में जानना प्रमाण के द्वारा किया गया कोई अस्तित्वात्मक अवदान नहीं। ज्ञान अपनी प्रकृति में प्रापक और निरूपक होता है। वह अपनी तरफ से विषय में न तो कुछ जोड़ता है, न ही विषय की विशिष्टता को प्रभावित करता है। यह सम्भव है कि सत्ता अपनी सम्पूर्णता में हमारे ज्ञान की विषय न बनी हो। ऐसी स्थिति में हमारा ज्ञान अपूर्ण और अपर्याप्त होगा। यह अपर्याप्तता और अपूर्णता हमारे ज्ञान में होती है। सत्ता का इससे कुछ भी लेना देना नहीं। यह हमारे दोषपूर्ण प्रमाण-व्यापार को सूचित करता है, जिसे ज्ञान के साधनों की सम्यक् प्रयुक्ति से दूर किया जाना सम्भव है। अतएव सत्ता अपनी स्थिति में वैसी ही रहती है लेकिन तद्विषयक ज्ञान के दोषपूर्ण अथवा सही होने में भूयोदर्शन की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। अतएव प्रमेयोपलब्धि में प्रमाणों की परिच्छेदात्मक भूमिका को प्रमेयापादन या प्रमेयान्वेषण समझना एक असंगत संकल्पना है।

न्याय, मीमांसा आदि वस्तुवादी दर्शनों की प्रमुख मान्यता यह है कि ज्ञान सदैव सविषयक होता है। इसका भी यह मतलब नहीं है कि ज्ञान संपूर्ण रूप से विषय की

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

अवस्थिति पर निर्भर करता है। कम से कम एक महत्त्वपूर्ण सन्दर्भ में तो ज्ञान को विषय से स्वतन्त्र कहा जा सकता है। बहुत से मतभेदों के बावजूद बौद्धेतर दर्शनों में ज्ञान को आत्मा या चित्त की एक क्रिया के रूप में स्वीकार किया गया है। इसका आरम्भ आत्मा या चित्त में ही होता है। आत्मा या चित्त को इस ज्ञान-रूप क्रिया का स्वतन्त्र कर्त्ता कहा जा सकता है। किसी वस्तु का ज्ञान आत्मा या चेतना में जानने की स्वतन्त्र इच्छा रूप व्यवसाय का ही फल है। नैयायिकों ने ज्ञानारम्भण का हेतु सन्देह और इच्छा को स्वीकार किया है। इनके अभिमत में ज्ञान की प्रक्रिया क्षणिक नहीं है। यह सत्ता से सम्बद्ध और उसमें प्रवृत्त होकर ही पूर्ण होती है। अतएव ज्ञान अपने आरम्भण में विषय से तो स्वतन्त्र है लेकिन इसकी पूर्णता अन्ततः विषयाश्रित ही होती है। संभवतः इसीलिए शंकराचार्य को भी ज्ञान की वस्तुतन्त्रता स्वीकार करनी पड़ी थी। इसी तरह प्रमाणों की सम्पादनात्मकता भी प्रमेयतन्त्रात्मक ही है। यह 'प्रमेयसिद्धिः प्रमाणाद्धि' के दावे को अन्ततः कमज़ोर बना देता है।

'मानाधीनामेयसिद्धिः' की निष्पत्तियों की विवचेना करते हुए ज्ञान की प्रामाणिकता का प्रश्न भी बहुत महत्त्वपूर्ण है। प्रमेयसिद्धि का प्रश्न केवल ज्ञप्ति तक सीमित नहीं बल्कि प्रामाणिकता को भी उसमें सम्मिलित किया जाना चाहिए। पूर्व एवं उत्तरमीमांसकों की दृष्टि में ज्ञान का प्रामाण्य स्वयं ज्ञान में निहित होता है। यह अपनी प्रामाणिकता को कहीं बाहर से आयातित नहीं करता। प्रामाणिकता ज्ञान में प्रागनुभविक रूप से प्रदत्त होती है। दूसरे शब्दों में, ज्ञान अपनी प्रामाणिकता को लिए हुए ही उत्पन्न होता है। मीमांसकों ने ज्ञान की उत्पत्ति और प्रामाण्य में कारणत्व को स्पष्टतया स्वीकार किया है।[12] मीमांसकों की ऐसी धारणा बहुत हद तक वेदप्रामाण्य की धार्मिक भावना से अनुप्राणित रही है। इसकी समीक्षा विशुद्ध ज्ञानमीमांसीय दृष्टि से करते हुए कहा जा सकता है कि प्रामाणिक ज्ञान में विषय की पूर्वापेक्षा आवश्यक रूप से निहित रहती है। आत्मा में ज्ञान की प्रक्रिया का आरम्भ जिस सीमा तक विषय से स्वतन्त्र स्वीकार किया जा सकता है उसी सीमा तक ज्ञान की प्रामाणिकता को विषय-निरपेक्षता प्रदान नहीं की जा सकती। यदि विषय की अध्यक्षता में ही स्वतःप्रामाण्यवादी ज्ञान की प्रामाणिकता के प्रश्न को सुलझाना चाहें तो कम से कम उन्हें यह स्वीकार करना पड़ेगा कि ऐसी किसी वस्तु का ज्ञान ही नहीं हो सकता जिसका अस्तित्व नहीं हो। साथ ही यह भी मानना पड़ेगा कि जिस किसी का ज्ञान होता है उसका अस्तित्व ज्ञान से स्वतन्त्र ही होता है। परञ्च ऐसी मान्यता को अंतिम रूप से स्वीकार किया जाना सम्भव नहीं। यदि स्वीकार कर भी लिया तो साथ में यह भी मानना पड़ेगा कि ज्ञान की उत्पत्ति और प्रामाणिकता दोनों का सम्पादन एक अज्ञात चरम वैषयिक अध्यक्षता में होता है। ऐसे स्वतःप्रामाण्यवाद में तथाकथित प्रमाणों की क्या भूमिका हो सकती है? प्रामाण्यसिद्धि के अधिकार से प्रमाण सर्वथा वंचित हो जाते हैं। यदि अप्रामाण्य के परतः निर्धारण में प्रमाणों की भूमिका बताई जाय तो यह छलावा मात्र है, क्योंकि वास्तव में अप्रामाण्य वहां है ही नहीं।[12-अ]

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

नैयायिकों ने उपर्युक्त कठिनाइयों का परिहार करते हुए ज्ञान की प्रामाणिकता विषयक अवधारणा का परिष्कार किया है। ज्ञान की प्रक्रिया का आरम्भ आत्मा या चित्त की विषयात्मक विचक्षणा से होता है। यह विचक्षणा मात्र ही ज्ञान की पूर्णता नहीं। इस स्थिति में ज्ञान की प्रामाणिकता का प्रश्न ही नहीं उठता। न्याय-अभिमत में ज्ञान की प्रामाणिकता का प्रश्न ज्ञानक्रिया और उसके द्वारा विषयपरिच्छेदन-व्यापार से भी सम्बन्धित नहीं है। यह पूर्णतया प्रवृत्तिसाफल्य से प्रतिबन्धित होता है।[13] अतएव ज्ञान का आरम्भ विषय से स्वतन्त्र होते हुए भी अपनी प्रामाणिकता के लिए प्रवृत्तिसाफल्य पर निर्भर करता है। यह प्रवृत्तिसाफल्य न तो ज्ञान है और न ही कोई ज्ञेय विषय है। ऐसी स्थिति में ज्ञान की प्रामाणिकता विषय और ज्ञान की पारस्परिक निर्भरता से परे क्रियावृत्तिक हो जाती है। वस्तुतः नैयायिकों की दृष्टि में चेतना केवल ज्ञप्ति ही नहीं है बल्कि प्रवृत्ति-निवृत्ति मूलक व्यवहारपरकता है। ज्ञान की प्रामाणिकता का ऐसा निकष समस्या का भले समाधान प्रस्तुत करता हो लेकिन कम से कम उसे प्रमाणमूलक तो नहीं ही कहा जा सकता है।

इस प्रकार 'मानाधीनामेयसिद्धिः' की उपर्युक्त निष्पत्तियों की सामान्य समीक्षा से यह स्पष्ट होता है कि जहां तक ज्ञान की उत्पत्ति का प्रश्न है वह विषय से स्वतन्त्र होता है। विषय प्रदत्त होते हैं और ज्ञान का प्रदत्त विषय से कोई तनाव नहीं होता। प्रदत्त विषय की निजरूपता को ज्ञान सकारात्मक अथवा नकारात्मक रूप से प्रभावित भी नहीं करता है। ऐसी स्थिति में प्रमाणमीमांसा का कार्य विश्लेषण के अतिरिक्त और क्या हो सकता है? 'प्रमेयसिद्धि' में प्रमाणों की भूमिका को खोज निकालने के अर्थ में अन्वेषणात्मक समझना एक भूल है। हम यह नहीं कह सकते कि किसी वस्तु को हम इस रूप से जानते हैं इसीलिए वस्तु ऐसी है और वस्तुविषयक हमारा ज्ञान ऐसा है। वास्तव में कहना तो यह चाहिए कि वस्तु ही ऐसी है, इसलिए तद्विषयक हमारा ज्ञान ऐसा है। एतावता 'प्रमेयसिद्धिः प्रमाणाद्धि' की निष्पत्ति इस बात में होती है कि प्रत्येक प्रमाणमीमांसा के लिए एक तत्त्वमीमांसा आवश्यक है लेकिन प्रत्येक तत्त्वमीमांसा के लिए प्रमाणमीमांसा पूर्वापेक्षित नहीं है। वस्तुतः तत्त्वमीमांसीय अधिशासन के बिना कोई प्रमाणमीमांसा प्रवर्त्तित ही नहीं हो सकती। यदि कभी कभी कोई प्रमाणमीमांसा अपनी विकसित अवस्था में तत्त्वमीमांसीय प्रत्ययों का कुछ अंशों में काट-छांट करती है तो इसे प्रमाणमीमांसीय ढांचे में तत्त्वमीमांसा को आबद्ध करने की तत्त्वमीमांसीय प्रेरणा ही समझा जाना चाहिए।

(III)

भारतीय दर्शन के इतिहास में सर्वप्रथम 'मानाधीनामेयसिद्धिः' के विपरीत 'मेयाधीनामानसिद्धिः' की दार्शनिक सूझ बौद्ध नैयायिकों ने प्रस्तावित की है। दिङ्नाग के पूर्व बौद्ध दर्शन में इतिविषयक एक ऊहापोहात्मक स्थिति के संकेत मिलते हैं। विग्रहव्यावर्तनी एवं वैदल्यसूत्रम् में नागार्जुन ने 'मानाधीनामेयसिद्धिः' के सम्भव विकल्पों का बलपूर्वक खण्डन किया है। उन्होंने अपने खण्डन में अन्य विकल्पों को उद्भावित करते हुए 'मेयाधीनामानसिद्धिः' को भी चतुष्कोटिक द्वन्द्वन्याय का ग्रास बना दिया है।"[14] ध्यातव्य है

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

कि नागार्जुन ने **विग्रहव्यावर्तनी** एवं **वैदल्यसूत्र** में **न्यायसूत्र** को पूर्वपक्ष बनाया है और न्यायसम्मत 'मानाधीनामेयसिद्धिः' का खण्डन करते हुए उसके विकल्प रूप में ही 'मेयाधीनामानसिद्धिः' का भी खण्डन किया है। इसलिए इस आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि नागार्जुन को 'मेयाधीनामानसिद्धिः' का मत स्वीकार्य था। नागार्जुन की कोई स्वमत प्रतिज्ञा नहीं। किसी भी मत में स्वगत अन्तर्विरोध दिखाना ही नागार्जुन की विचार-प्रक्रिया है। हां, इतना अवश्य कहा जा सकता है कि जैसे ह्यूम ने काण्ट को अन्धविश्वास की तंद्रा से जगा कर मानवीय ज्ञान के स्वरूप और सीमा पर बिल्कुल नये ढंग से सोचने के लिए प्रेरित किया था उसी प्रकार बौद्ध नैयायिकों को तत्त्वमीमांसाश्रित प्रमाणमीमांसा की जाँच की मूल प्रेरणा नागार्जुन से ही प्राप्त हुई होगी।

विज्ञप्तिमात्रतावादी वसुबन्धु 'प्रमेयसिद्धिः प्रमाणाद्धि' के सिद्धान्त से आपाततः प्रभावित होते हैं। वसुबन्धु को आगम प्रमाण स्वीकार्य है।[15] यदि प्रमेयमूलक प्रमाणसिद्धि का पक्ष उन्हें स्वीकार्य होता तो विज्ञप्तिमात्रता की सिद्धि के लिए आगम को स्वतन्त्र प्रमाण मानने की आवश्यकता नहीं होती। विज्ञप्तिमात्रता को प्रमाण के बिना भी स्वतःसिद्ध माना जा सकता था। दूसरी ओर वसुबन्धु ने विंशतिका में विज्ञप्तिमात्रता की सिद्धि के लिए अनुमान प्रमाण प्रस्तुत किया है।[16] पुनः, विज्ञप्तिमात्रता को आधार बनाकर वसुबन्धु प्रमाण-प्रमेय व्यवहार की अवास्तविकता प्रतिपादित करने का भी प्रयास करते हैं। इस दूसरे पक्ष में वसुबन्धु स्पष्टतः तत्त्वदृष्टि को आलम्बन बनाकर प्रमाण के स्वरूप पर विचार करते हुए प्रतीत होते हैं। अतएव स्पष्ट रूप से कुछ भी नहीं कहा जा सकता कि 'मानाधीनामेयसिद्धिः' और 'मेयाधीनामानसिद्धिः' में वसुबन्धु को कौन सा मत स्वीकार्य था।

दिङ्नाग और धर्मकीर्ति के ग्रन्थों में 'मेयाधीनामानसिद्धिः' जैसा कोई कथन नहीं मिलता है फिर भी "मानं द्विविधं विषयद्वैविध्यात्"[17] से 'मेयाधीनामानसिद्धिः' की प्रतिस्वीकृति द्योतित होती है। प्रज्ञाकर गुप्त के अनुसार अभिमत पदार्थ की सिद्धि के लिए प्रेक्षावान् व्यक्ति प्रमाणों का अन्वेषण किया करते हैं। अन्यथा प्रमाणों का अन्वेषण एक व्यसन के अतिरिक्त और क्या हो सकेगा?[18] वस्तुतः प्रमेयमूलक प्रमाणमीमांसा ही बौद्धों के लिए उपादेय है। बौद्ध प्रमाणमीमांसा की शुरुआत ही इस प्रश्न से होती है कि हमारे ज्ञान की वह कौन सी अवस्थाएँ हैं, उनके कौन-कौन से प्रकार हैं, उनकी क्या क्या विशेषताएँ हैं, जिनमें हम अपनी प्रमेयपृक्षा को व्यवस्थित कर सकते हैं? सर्वत्र प्रमेय-दृष्टि ही प्रमाणमीमांसीय संरचना में अभिव्यक्त होती है। इस पृष्ठभूमि में 'अविसंवादी ज्ञानं प्रमाणम्' 'प्रमेयकार्यं हि प्रमाणम्'[19] तथा 'अर्थक्रियाकारित्वं सत्' आदि प्रतिपत्तियों से बौद्ध नैयायिकों के अभिमत में 'मेयाधीनामानसिद्धिः' का ही अध्याहार होता है।

यदि अनात्मवाद और क्षणभङ्गवाद के परिप्रेक्ष्य में इस समस्या पर विचार किया जाय तो 'मेयाधीनामानसिद्धिः' का पक्ष ही सम्पूर्ण बौद्ध दर्शन के लिए उपादेय प्रतीत होता है। प्रमाणों के द्वारा प्रमेयसिद्धि को स्वीकार करते हुए अनात्मवाद का पुरस्कार नहीं किया जा सकता। ऐसी स्थिति में प्रमाणों के पूर्वाधार रूप में आत्मा की सत्ता को स्वीकार करने की आवश्यकता हो सकती है। इस सम्भावित अन्तर्विरोध के कारण अनात्मवाद का त्याग

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

अथवा प्रामाण्य ज्ञान की अस्वीकृति में से कोई एक ही स्वीकार करना पड़ेगा। उपर्युक्त दोनों विकल्पों में से किसी एक का भी त्याग बौद्ध दर्शन की प्रमाणमीमांसा के लिए संगत नहीं है। अतएव 'मानाधीनामेयसिद्धिः' का त्याग ही बौद्ध प्रमाणमीमांसा के लिए श्रेयस्कर है। क्षणभङ्गवाद की पृष्ठभूमि में उपर्युक्त समस्या पर विचार करते हुए कहा जा सकता है कि प्रमेयविषयक सन्देह की स्थिति में ही प्रमेयसिद्धि का प्रश्न उठता है। सन्देह की अवस्था में प्रमाण की खोज और संदिग्ध वस्तु ही प्रमाणशास्त्र का विचार्य विषय होता है। सन्देह एक समान विचार-प्रक्रिया और एक कोटि में एक से अधिक विकल्पों का अवगाहन है। इसके लिए एक स्थिर आधार का होना आवश्यक है, जिसमें एक ही कोटि के अन्तर्गत एकाधिक विकल्पों का अवगाहन हो सके। क्षणभङ्गवाद में तत्त्वतः क्षणविषयक एक से अधिक विकल्पों का अवगाही ज्ञान सम्भव नहीं। एतावता क्षणभङ्गवाद में किसी क्षणिक प्रमेय की सिद्धि के लिए प्रमाण का आलम्बन ही असम्भव हो जाता है। यदि व्यावहारिक दृष्टि से क्षण-सन्तान में एकत्व का आरोप करके एक में अनेक विकल्पों का अवगाहन मान भी लिया जाय और उससे उत्पन्न सन्देह की निवृत्ति के लिए प्रमाण को प्रमेयसिद्धि का असाधारण कारण भी कह लें तो भी प्रमाण से वास्तविक प्रमेय की सिद्धि नहीं होगी। प्रथमतया सन्देह की सम्भावना को पैदा करने के लिए क्षण-सन्तानगत एकत्व का आरोप और द्वितीयतः उस क्षण-सन्तानगत एकत्व में अवगाह्यमान दो या दो से अधिक विकल्पों का आरोप, जिनके बारे में प्रमाणपूर्वक सन्देह की निवृत्ति अभिप्रेत है। इस प्रकार क्षणभङ्गवाद में प्रमाण से कल्पित प्रमेय की ही सिद्धि हो सकेगी और दोनों अवस्थाओं में प्रमाणशास्त्र ही व्यर्थ हो जायेगा। एतावता प्रमेयसिद्धिः प्रमाणाद्धि के बदले 'प्रमेयाधीनाप्रमाणसिद्धिः' ही सामान्य रूप से बौद्ध नैयायिकों के अभिमत में श्रेयस्कर प्रतीत होता है।[20]

बौद्ध नैयायिकों की वैचारिक योजना में ज्ञान और यथार्थ की परस्पर पृथक्ता नहीं है।[21] इस कारण भी उनकी प्रमाणमीमांसा में प्रमेयमूलकता का प्रवेश स्वाभाविक रूप से हो जाता है। बौद्ध नैयायिकों के लिए ज्ञान से परे और पृथक् किसी बाह्य वस्तु की सत्ता अमान्य है। ज्ञान से बाह्य प्रतीत होने वाली वस्तुएँ ज्ञान के ही आकारमात्र हैं। बाह्य जगत् में उनकी स्थिति एक विकल्पात्मक प्रक्षेपण और संरचना है। वस्तुतः ज्ञान का विश्लेषण ही अन्ततः हमें वैषयिक बाध्यता से सर्वथा मुक्त एक स्वसंवित् विज्ञान की ओर ले जाता है। यह स्वसंवित् विज्ञान कोई ज्ञान की वर्गणा न हो कर तात्त्विक सत् है। यही संपूर्ण प्रमाणमीमांसा का तात्त्विक अधिष्ठान है। बौद्ध न्याय में स्वसंवित् विज्ञान की पृष्ठभूमि में ही ज्ञान का द्वैरूप्य, प्रत्यक्ष एवं परोक्ष ज्ञान का विभाजन तथा ज्ञानों की संश्लेषणात्मक एकता इत्यादि के मूलभूत सम्प्रत्यय व्याख्यात हुए हैं। तत्त्वमीमांसा की इसी आधारभूमि पर बौद्ध नैयायिकों ने स्वलक्षण एवं सामान्यलक्षण नामक विषय-द्वैविध्य तथा प्रत्यक्ष एवं अनुमान नामक प्रमाण-द्वैविध्य की प्रमाणमीमांसा को स्थापित किया है। बौद्ध न्याय की विज्ञानवादी तत्त्वमीमांसा के आलोक में उनकी प्रमाणमीमांसा का सुस्पष्ट एवं सुसंगत विवेचन थोड़ा दुरूह होता है, अतएव हमने यहां संकेत भर किया है।

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

(IV)

वस्तुतः प्रमाणमीमांसा एक 'अनुवीक्षा' है तो "मेयाधीनामानसिद्धिः" को ही सामान्य रूप से स्वीकार किया जाना चाहिए। विषय अपनी सिद्धि के लिए प्रमाण की अपेक्षा नहीं करते हैं। उनकी विधिरूप सत्ता को प्रमाणापेक्ष्य नहीं कहा जा सकता, क्योंकि सिद्धि का सामान्य अर्थ आपादन होता है जो प्रमाणों के सन्दर्भ से सम्भव ही नहीं। 'प्रमेयसिद्धिः प्रमाणाद्धि' के पक्षधर भी इस बात को स्वीकार नहीं कर सकते कि प्रमाण से प्रमेय का आपादन होता है। यदि सिद्धि का दूसरा अर्थ साक्ष्य के आधार पर वस्तुस्वरूप का निर्धारण माना जाय तो भी इस प्रकार की सिद्धि की अपेक्षा विषय को नहीं बल्कि प्रमाणपक्षीय स्पष्टीकरण से सम्बन्धित है। परन्तु इस स्थिति में भी साक्ष्य के चुनाव का आधार क्या होगा? जिस वस्तु की सिद्धि करनी है उससे निरपेक्ष रहकर प्रमाणों का अन्वेषण ठीक वैसा ही है जैसे क्या बनाना है, इसका ध्यान रखे बिना औज़ार की रचना करना। अतः प्रमाण जो साक्ष्य जुटाता है वह साक्ष्य प्रमेय के स्वरूप को ध्यान में रखकर ही संभव है। इसलिए वस्तुस्थिति तो यह है कि जो लोग प्रमाणों के द्वारा प्रमेय की सिद्धि करते हैं वे भी प्रमाण के स्वरूप का निर्धारण करने के लिए सम्भावित प्रमेय को पूर्वकल्पित किये रहते हैं जिनकी देख-रेख में प्रमाणों का विनियोग होता है। "प्रमाणों से प्रमेय की सिद्धि होती है अतएव ज्ञानमीमांसा तत्त्वमीमांसा का पूर्वगामी है"—यह सामान्य अनुभव और सामान्यजन की विचार-सरणी है। सामान्य अनुभव के धरातल पर जहां एक दूसरे से असहमत होने के लिए अवकाश ही नहीं वहां प्रमाण की दार्शनिक जिज्ञासा भी नहीं होती है। जब हम प्रमाणों पर एक दार्शनिक दृष्टि से प्रश्न उठाते हैं तो प्रमाणमीमांसा के मुखौटे पर सर्वत्र तत्त्वमीमांसा के भूत की छाया ही दिखती है। यह पूछा जा सकता है कि जहां तक प्रमाणों के भाव से प्रमेयों के विधान का प्रश्न है इसे एक सीमा तक स्वीकार किया जा सकता है परन्तु प्रमाणों का अभाव क्या प्रमेयाभाव का हेतु हो सकता है? प्रमाणाभाव अधिक से अधिक प्रमेय विषयक सन्देह को सूचित करता है।[22] ऐसा सन्देह न तो अभाव है, न ही अपर्याप्त भाव, बल्कि प्रमाणों की सीमा है जो प्रमेय की व्यापकता और प्रमाण की व्याप्तता को प्रदर्शित करता है। प्रमेयों की व्यापकता को स्वीकार करते हुए 'मानाधीनामेयसिद्धिः' के सिद्धान्तानुसार प्रमेयान्वेषण या तो अपर्याप्त होगा, या फिर प्रमाणातिक्रामी तात्त्विक जिज्ञासा की पूर्त्ति के लिए प्रमाणमीमांसा को अतार्किक विस्तार देना होगा, या फिर किसी उच्चस्तरीय गुह्य प्रमाण-स्रोत को प्रमाणमीमांसा में सम्मिलित करना पड़ेगा। ये सभी बातें 'मानाधीनामेयसिद्धिः' मानने वाले दार्शनिकों की प्रमाणमीमांसा में यत्र-तत्र देखी जा सकती हैं। आखिर यह सब कुछ अपनी प्रमाणमीमांसा को अभिमत तत्त्वमीमांसा के अनुरूप बनाने के लिए ही तो किया जाता है! बौद्धेतर प्रमाणमीमांसा का अतार्किक विस्तार प्रत्यक्ष के अलौकिक आयाम, जाति का प्रत्यक्ष एवं अनुपलब्धि के द्वारा अभाव को पदार्थ मानने इत्यादि सन्दर्भों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। नैयायिक अपने प्रमाण-सिद्धान्त को करणोपकरणपूर्वक व्याख्यात करते हैं। उदाहरण के लिए प्रत्यक्ष प्रमाण हेतु षड्विध सन्निकर्ष की अवधारणा को लिया

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

जा सकता है। यह षडविध सन्निकर्ष पदार्थों के वस्तुगत सम्बन्धों का ही तो एक ताना-बाना है जिसमें पदार्थ भी उतने ही सत् हैं जितना कि उनके बीच का सम्बन्ध! क्या पदार्थों के प्रकृत सम्बन्ध के बीच ही प्रत्यक्ष प्रमाण का फलित और उपलब्ध होना प्रत्यक्ष की नितान्त प्रमेयमूलकता नहीं है? क्या नव्यनैयायिकों का अनुमान का सिद्धान्त दो वस्तुओं के मध्य अनिवार्य, सार्वभौम एवं वस्तुनिष्ठ सम्बन्घ की तत्त्वमीमांसीय अवधारणा पर आधारित नहीं है? क्या गङ्गेश का केवलान्वयी व्याप्ति के प्रति अत्यधिक मोह प्रदर्शित करना, "अभिधेयत्वं ज्ञेयत्वं पदार्थत्वम्" की पूर्वस्वीकृति के अनुरूप अपनी प्रमाणमीमांसा को तराशने का उत्कट प्रयास नहीं है? क्या अद्वैतवेदान्तियों द्वारा केवलान्वयी का कट्टरता से खण्डन 'विज्ञातारं केन विजानीयात्' की प्रतिष्ठा मात्र नहीं है? इस प्रकार के कतिपय अन्य उद्धरण भी प्रस्तुत किये जा सकते हैं जिनके द्वारा प्रमाणमीमांसा पर तत्त्वमीमांसा के कठोर अधिशासन को दिखाया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त अधिकांश आस्तिक दर्शनों की प्रमाणमीमांसा में श्रुत्यादि आर्ष स्रोतों की महत्त्वपूर्ण भूमिका देखी जाती है। आर्षज्ञान के रूप में शब्दप्रमाण को स्वीकार कर लेने मात्र से शब्दप्रमाण द्वारा प्रस्तुत परिसीमा में प्रत्यक्षादि प्रमाण अपनी क्रियाशीलता के लिए प्रतिबन्धित हो जाते हैं।[23] ऐसी स्थिति में प्रत्यक्षादि प्रमाणों की संपूर्ण भूमिका का 'अपेक्षापूर्ति' में रूपान्तरित हो जाना स्वाभाविक है। क्या यह आनुभविक प्रमाणों पर, जिनके संदर्भ में 'मानाधीनामेयसिद्धिः' को प्रस्तावित किया जाता है, एक उच्च स्तरीय प्रमाण के द्वारा तत्त्वमीमांसा का आधिपत्य नहीं है? बौद्ध नैयायिक भी किसी न किसी रूप में बौद्धागम की प्रमाणता स्वीकार करते हैं तथापि उनके मत में बुद्धवचनों का आस्तिकों के शब्द-प्रमाण की तरह उपयोग नहीं किया गया है। धर्मकीर्ति ने इस सम्बन्ध में स्पष्ट रूप से "प्रामाण्यं व्यवहारेण शास्त्रं मोह-निवर्तनम्" कहा है। प्रज्ञाकर गुप्त के अनुसार व्यवहार पर गम्भीरतापूर्वक विचार करने से स्पष्ट होता है कि शास्त्र मोह-निवर्तक है। पूर्वापर की विस्मरणमूलक असंगतियों की निवृत्ति शास्त्र से ही होती है।[24] यदि बौद्ध नैयायिक अपनी प्रमाणमीमांसा को बुद्ध की सर्वज्ञता आदि अवधारणाओं से कहीं सम्पूरित करते हैं तो भी यह उनके अभिमत में विरोधाभास को उत्पन्न नहीं करता।[25] अन्त में अवधेय है कि यदि 'मानाधीनामेयसिद्धिः' के पक्षधर अपनी प्रतिज्ञा के प्रति ईमानदार हैं तो उनके प्रमाणमीमांसीय प्रश्नों एवं निष्कर्षों में इतना भेद क्यों है? क्यों नैयायिकों के लिए प्रत्यक्ष का विषय "सामान्य विशिष्ट व्यक्ति" और मीमांसकों के लिए "सामान्य और विशेष का आश्रय व्यक्ति" और वेदान्तियों के लिए "महा सामान्य ब्रह्म" है? प्रमाणमीमांसा के उत्तल धरातल पर दिखने वाले ऐसे भेद वास्तव में तत्त्वमीमांसीय ही हैं और तात्त्विक पृष्ठभूमि में ही इनकी व्याख्या की जा सकती हैं।

(V)

इस प्रकार उपर्युक्त समीक्षा से हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि 'मानाधीनामेयसिद्धिः' के पक्षधर अन्ततः प्रमाणों का स्वरूप-निर्धारण एवं उनका विनियोग भी उसी रूप में करते

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

हैं जैसी प्रमेय विषयक तत्त्वमीमांगीय अवधारणा को वे पूर्वकल्पित किये रहते हैं। अतएव 'प्रमेयसिद्धिः प्रमाणाद्धि' के बदले 'प्रमाणसिद्धिः प्रमेयाद्धि' को ही एक ईमानदार प्रमाणमीमांसीय प्रयास के रूप में समादृत किया जाना चाहिए। इसी के द्वारा प्रमाणमीमांसा और तत्त्वमीमांसा के मध्य अधिकाधिक संवाद की स्थापना हो सकती है। भारतीय दर्शन के आस्तिक सम्प्रदायों की प्रमाणमीमांसीय योजना में यह संवाद 'मानाधीनामेयसिद्धिः' के चलते कहीं कहीं आधारभूत रूप से व्यभिचरित होता हुआ प्रतीत होता है। इसका एक महत्त्वपूर्ण कारण ऐतिहासिक भी रहा है। वह यह कि आस्तिक न्यायशास्त्र उपनिषदों के 'वाकोवाक्' से प्रारम्भ होकर 'वाद विद्या' से होते हुए 'आन्वीक्षिकी विद्या' के रूप में विकसित हुआ है। इस दीर्घकालिक विकासक्रम में एक निश्चित तत्त्वमीमांसीय लक्ष्य का अभाव ही था। पहली बार वात्स्यायन ने न्यायशास्त्र को आन्वीक्षिकी विद्या के रूप में परिभाषित करते हुए उसे प्रमाणशास्त्र का रूप दिया और प्रत्यक्ष तथा अनुमान से आगम में कही गई बातों को प्रमाणित करना उसका लक्ष्य निर्धारित किया गया।[26] इस तरह आस्तिक दर्शनों की तत्त्वमीमांसीय संकल्पना जैसे जैसे स्पष्ट होती गई और उसके लिए प्रमाणशास्त्र की आवश्यकता महसूस हुई वैसे वैसे तत्तद् दर्शनों के प्रमाणशास्त्र पर तत्त्वमीमांसा का प्रभुत्व स्थापित होता गया। अतएव प्रमाणमूलक प्रमेयसिद्धि की अवधारणा का विकास प्रमेयतन्त्रात्मक प्रमाण-विनियोग में पर्यवसित होने का इतिहास है। बौद्ध प्रमाणमीमांसा का विकास बौद्धदर्शन के परवर्ती काल में हुआ है। उसके समक्ष एक निश्चित तत्त्वमीमांसीय लक्ष्य था। इसी के चलते एक तत्त्वमीमांसाश्रित प्रमाणमीमांसा का विकास सम्भव हो सका। भारतीय प्रमाण-मीमांसीय चिंतन में बौद्ध नैयायिकों की इस सूझ को एक क्रांतिकारी संशोधनात्मक पहल के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए।

सन्दर्भ एवं टिप्पणी

1. विज्ञानभिक्षु : सांख्यकारिका : 4
2. वात्स्यायन : न्यायभाष्य : अनुबन्धचतुष्टय प्रकरण : आरम्भिक पंक्ति।
3. गङ्गेश उपाध्याय : तत्त्वचिन्तामणि : प्रत्यक्षखण्ड।
4. वल्लभाचार्य : न्यायलीलावति, पृ. 122 - नैयायिकानामनियतपदार्थवादित्वेन विरोधाभावात्।
5. नागार्जुन : विग्रहव्यावर्तनी 31 से 51 एवं वैदल्यसूत्र 2 से 19 तक।
6. चित्सुखाचार्य : तत्त्वप्रदीपिका-मानाधीनामेयसिद्धिः मानसिद्धिश्च लक्षणात्।
7. गौतम : न्यायसूत्र 2/1/19 न प्रदीपप्रकाशात् तत्सिद्धेः।
8. वात्स्यायन : न्यायभाष्य : न संविद्विषयनिमित्तानामुपलब्ध्या व्यवहारोपपत्तेः।
9. वही : 1/1/3 प्रमातुः प्रमातव्येऽर्थे प्रमाणानां सम्भवोऽभिसम्प्लवः असम्भवो व्यवस्थेति।
10. दिङ्नाग : प्रमाणसमुच्चय : प्रत्यक्ष परि (संस्कृत पुनर्रचना, आयंगर) सान्तरग्रहणं न स्यात् प्राप्तौ ज्ञानाधिकस्य च। अधिष्ठानाद् बहिर्नाक्षं न शक्तिर्विषये क्षणे॥
11. उद्योतकर : न्यायवार्तिक 1/1/4 : पूर्वपक्षेण दिङ्नागमतः इन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नं इत्युक्तां इन्द्रियस्याप्राप्यकारित्वात्।

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

12. स्वतःप्रामाण्यवाद का निहितार्थ यह है कि किसी ज्ञान के प्रमात्व निश्चय में अन्य किसी प्रमाण की अपेक्षा नहीं होती है। प्रमात्मक ज्ञान की उत्पत्ति उस ज्ञान के बोधक जो सब कारण हैं उनके द्वारा ही हो जाती है। यह कैसे होता है, इस बात को लेकर पूर्वमीमांसकों यथा गुरुमत, भाट्टमत एवं मुरारी मिश्र में किंचित् भेद है। इन सबके मत में अप्रामाण्य परतः ही होता है। (लेखक की टिप्पणी।)

12-अ ध्यातव्य है कि ज्ञान की उत्पत्ति अप्रामाण्य रूप होती ही नहीं, इसीलिए तो प्रभाकर 'अख्याति' का प्रतिपादन करते हैं।

13. न्यायमतेन बहुधा उद्धृत—इदं ज्ञानं यथार्थं, सफलप्रवृत्तिजनकत्वात् यन्नैवं तन्नैवं। यद्यपि यहां अनुमान प्रस्तुत किया जाता है, तथापि यह एक प्रकार से अतिरेकताप्रसक्ति अथवा व्यर्थ है, क्योंकि सफल प्रवृत्ति हो जाने पर ज्ञान और प्रमाण दोनों ही व्यापार निवृत्त हो जाते हैं। "न हिं असंदिग्धेऽर्थे अनुमानं प्रवर्तते। सन्देहश्चार्थोऽनुमीयते"। इस दृष्टि से भी सफल प्रवृत्तिजनकत्व के उपरान्त अनुमान-प्रवृत्ति निरर्थक है। (लेखक की टिप्पणी)

14. द्रष्टव्य : विग्रहव्यावर्तनी : 31 से 51 तक।

15. वसुबन्धु : विज्ञप्तिमात्रतासिद्धि (विंशतिका) 22 कृतेयं सर्वथा सा तु न चिन्त्यावुद्धगोचरः।

16. वसुबन्धु : अनुमान का रूप : विज्ञप्तिमात्रमेवैतत् प्रतिज्ञा, असदर्थावभासनात्-हेतु, यथा तैमिरि-उदाहरण।

17. धर्मकीर्ति : प्रमाणवार्तिक 2/1, इस वार्तिक में द्वैविध्यात् पंचमी विभक्ति है। पंचम्यंन्त का प्रयोग हेतु भाव में होता है। अतः संपूर्ण पद का अर्थ विषय-द्वैविध्यपूर्वक प्रमाण-द्वैविध्य विदित होता है।

18. प्रज्ञाकर गुप्त : प्रमाणवार्तिकालंकारभाष्य : 204-अमृतः प्रामाण्यादभिमतार्थ-सिद्धिभासादयेयमिति प्रमाणतान्वेषणपरः प्रेक्षावान् नान्यथा। व्यसनमेव त्वन्यथा भवेत्।

19. धर्मोत्तर : न्यायबिन्दु टीका : 2/48 यह लक्षण बहुत प्रचलित नहीं है तथापि बौद्ध न्याय की दृष्टि से प्रमाण का यही सम्यक् सामान्यलक्षण होना चाहिए।

20. द्रष्टव्य : दार्शनिक त्रैमासिक : जनवरी 1987, प्रो. रामचन्द्र पाण्डेय : क्या दिङ्नाग और धर्मकीर्ति विज्ञानवादी हैं?

21. दिङ्नाग : आलम्बन-परीक्षा : यदन्तर्ज्ञेयरूपं बहिर्वदवभासते।

22. धर्मकीर्ति : न्यायबिन्दु 2/48 प्रमाणनिवृत्तावप्यर्थाभावासिद्धरिति।

23. द्रष्टव्य : प्रो. ए. के. चटर्जी : इन्साइट एण्ड पाराडॉक्स इन बुद्धिस्ट फिलासफी : आन्वीक्षिकी : दर्शन उच्चानुशीलन केन्द्र, का. हि. वि. वि. वाराणसी, पृ. 182 अंक 6, 1973

24. प्रज्ञाकरगुप्त : प्रमाणवार्तिकालङ्कारभाष्य 1/222 : व्यवहारपरामर्शाच्छास्त्रंमोहनिवर्तनम्। पूर्वापरस्यास्मरणं शास्त्रेणैववार्यते।

25. इतिविषयक बौद्धप्रमाणमीमांसा की बुनावट पर उठने वाले पाराडॉक्स एवं समाधान के लिए द्रष्टव्य लेखक का निबन्ध : प्रमाण सम्प्लव एण्ड प्रमाण व्यवस्था : जे. आई. सी. पी. आर, पृ. 88 से 90, अंक 14 नवम्बर 2, 1997

26. आस्तिक एवं नास्तिक तर्कविद्या की प्राचीन परम्परा एवं विकास के लिए द्रष्टव्य : फणीभूषण तर्कवागीश : न्यायदर्शनम् (बंगला) प्रथमखण्ड की भूमिका।

दर्शन विभाग, सागर विश्वविद्यालय,
सागर (मध्यप्रदेश)

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

अभाव, अपोह और अनेकान्त*

दयाकृष्ण

'अभाव' 'अपोह' और 'अनेकान्त' ये अवधारणाएँ एक तरह से आपस में ऐसी मिली-जुली प्रतीत होती हैं कि एक को दूसरे से अलग करना मुश्किल मालूम होता है। पर इतिहास में जो चीज़ें हमको अलग अलग दिखाई देती हैं, या नहीं भी दिखाई देती हैं, उनमें फर्क इतना कम होता है कि वह नहीं दिखने जैसा ही होता है। फिर भी, ऐसे फर्क को लेकर लोग आपस में खूब लड़े हैं, खून की नदियाँ बहायी हैं, और कुछ इस तरह व्यवहार किया है जैसे वह 'फर्क' ही सब कुछ हो। दुनिया में 'मज़हबों' की कहानी ऐसी ही दिखाई देती है। ईसाईयों को लें या मुसलमानों को, दोनों की कहानी ऐसी ही लगती है। इनके सम्प्रदायों के आपस के झगड़े वैसे नहीं थे जैसे भारत में उत्पन्न हुए, अलग-अलग सम्प्रदायों या मज़हबों के, हालांकि यहाँ भी आपसी झगड़े कम नहीं थे। दर्शन की कहानी तो ऐसे 'बेकार' दिखाई देने वाले फर्कों के आधार पर ही खड़ी दिखाई देती है। जो लोग दार्शनिक नहीं होते उसमें उनको कोई मज़ा नहीं आता। उनकी यह समझ में नहीं आता कि आखिर क्या ये लोग ज़रा ज़रा सी बातों को लेकर आपस में बहस करते रहते हैं या जुबानी लड़ाई झगड़ों में फंसे रहते हैं। 'अभाव', 'अपोह' और 'अनेकान्त' को लेकर कुछ कुछ ऐसा ही लगता है। अभाव की बात करो तो अनेकान्त, जो इसके साथ लगा-बँधा है, उसकी बात करते ही जैनियों की याद आती है जो उस पर अपना विशेषाधिकार मानते हैं और अपोह का ध्यान आता है तो बौद्धों की याद आती है जो अपोहवाद के प्रतिपादक हैं। और इन तीनों की आपसी लड़ाई जो हज़ारों सालों तक चली है और आज भी चलती है उसके बारे में सबको पता है। उन्हीं की बातें हम पढ़ते हैं और पढ़ाते हैं और इनके आपसी झगड़ों पर किताबें लिखते हैं और लड़के लड़कियों से इम्तिहान में सवाल पूछते हैं। 'बेकार' समझी जाने वाली ऐसी बातों में ही पढ़ने पढ़ाने का धन्धा चलता है। और ऐसा लगता है कि आदमी बेकार की बातों में ही इस तरह लगा रहता है जैसे कि ज़िन्दगी-मौत का सवाल हो। बाकी तो रोज़-मर्रा की बातें हैं, वे तो उस बेचारे को ज़बर्दस्ती करनी ही पड़ती हैं। लेकिन उसको उनमें ज्यादा मज़ा नहीं आता।

अब अगर आपको अपनी अहमियत महसूस करनी है तो आप इन बेकार और बेवकूफी की बातों पर थोड़ा सा गौर करें। पहले अभाव पर सोचें। आखिर यह है क्या और इसको

---

* पिछले कुछ अंकों में प्रो. दयाकृष्ण की अप्रकाशित पुस्तक भारतीय दार्शनिक चिन्तन का स्वरूप और उसकी परंपरा के मूल स्रोत पुस्तक का प्रथम अध्याय क्रमशः प्रकाशित किया जा रहा था। अब यह पुस्तक रावत पब्लिकेशंस, जयपुर से प्रकाशित हो गयी है इसलिए उसका आगे प्रकाशत बन्द कर दिया गया है।

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

मानने की ज़रूरत क्या है? इसको मानने से परेशानियाँ कितनी और क्या पैदा हुईं और फिर उन परेशानियों को खत्म करने के लिए आदमी ने क्या क्या तरीके अपनाये? बात सीधी है। आप जहाँ भी बैठे हैं वहाँ बहुत कुछ है : दरी है, पलंग है, मेज़ है, कुर्सी है। मतलब यह है कि 'कुछ' है और जो भी कुछ आपको आँखों से, कानों से, नाक से पता चलता है, दिखाई देता है या आप सूंघ कर पता लगाते हैं, उस जगह आप इस 'कुछ' को रख सकते हैं। पर कभी कभी ऐसा भी लगता है कि आपको वह दिखाई देता है जो वहाँ नहीं है। मिसाल के तौर पर, आपके घर में कोई चीज किसी जगह रहती है और एक दिन जब आप बाहर से आते हैं तो एकाएक लगता है यहाँ कुछ था जो नहीं है। कोई चीज जो जहाँ थी वहाँ नहीं है और थोड़ी देर बाद आपको एकदम पता लगता है, 'दिखाई' देता है कि, जो लेम्प, कुर्सी या कोई और चीज, जो जहाँ रखी रहती थी वह वहाँ आज नहीं है। कभी जब घड़ी की टिक टिक बंद हो जाती है तो कुछ देर बाद लगने लगता है कि जो आवाज बराबर सुनाई दे रही थी वह आवाज अब नहीं है। फिर आप इस पर ध्यान देते हैं और ध्यान देने पर पता लगता है कि घड़ी बंद हो गई है।

हर आदमी की जिन्दगी में इस तरह की अनेक मामूली बातें होती हैं पर इनसे कोई सवाल या परेशानी नहीं उठती है। जो इन छोटी से छोटी बातों से परेशानियाँ पैदा कर लेते हैं या सवालों की झड़ी लगा देते हैं दार्शनिक उन्हीं को कहा जाता है। अभाव के बारे में भी कुछ इसी तरह की कहानी है। वैसे 'अभाव' और भी अजीब तरह के हो सकते हैं, जैसे किसी आदमी का 'जाना', 'ना होना' आपको ख्टकता है, परेशान करता है। जो नहीं उनकी याद बार बार आती है, वह याद उन लोगों से भी ज्यादा महसूस होती है जो आपके आसपास हैं। शायरी में तो इस तरह की बात बहुत होती है और शायरी के बारे में सोचें तो उन बातों के बारे में पता चलेगा जिन बातों को बताना मुश्किल होता है। पर इसकी बात बाद में करेंगे। अभी तो सिर्फ उन वस्तुओं की बात हो रही है जो आँख, कान, नाक आदि से दिखाई देती हैं या दिख सकती हैं।

जो चीज़ थी वह नहीं है, जो सुनाई देता था वह अब सुनाई नहीं देता है, और इस तरह से उनका 'नहीं होना' जैसे प्रत्यक्ष मालूम होता है। हालांकि वह है नहीं फिर भी वह वैसी ही मालूम पड़ती है, दिखाई देती है, सुनाई देती है जैसी वह थी। लेकिन जो कभी था ही नहीं, कभी सुनाई ही नहीं दिया, उसके बारे में हम कहें कि वह नहीं है तो वह 'नहीं होना' एक दूसरे प्रकार का 'होना' है। पर वह 'होना' किस प्रकार का है? यही अभाव की समस्या है। एक कमरे में जहाँ हाथी नहीं है, घोड़ा नहीं है, मोर नहीं है, उनका नहीं होना किस प्रकार का नहीं होना है? जरा ध्यान से देखें तो जो चीजें नहीं हैं उन सब को न गिनाया जा सकता है न बताया जा सकता है। लेकिन इस बात से यह कौन कहेगा कि वे सब हैं! और थोड़ा और सोचें तो लगेगा कि जो वहाँ नहीं है, जिसका वहाँ अभाव है, वह हमें प्रभावित करता है। हम उस चीज को लाने की कोशिश करते हैं जो नहीं है, और जब वह आ जाता है तब हमें खुशी होती है और हम अपने जीवन को

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

सार्थक मानते हैं। अब जरा सोचिये मरना क्या है? मृत्यु से ज्यादा अभाव की अनुभूति क्या होती है? जो मर गया वह चला गया। पर उसके परिजनों के लिए तो वह तब उससे भी ज्यादा होता है जितना कि वह जब जिंदा था तब था।

यही नहीं, आदमी अपने बारे में हमेशा यही महसूस करता है कि वह वह 'नहीं' है जो उसे होना चाहिए, और यह 'वह नहीं होने जो उसे होना चाहिए' का बोध उसे जितना परेशान करता है उतना शायद कोई चीज परेशान कभी नहीं करती होगी। दूसरों के बारे में तो यह बात साफ नजर आती है। दूसरों के बारे में हम अक्सर शिकायत करते हैं कि देखो कैसा आदमी है? शायद ही कोई आपकी तारीफ करेगा, अक्सर लोग बुराई ही करते हैं। बुराई करने का मतलब क्या है? कि वह है पर वैसा नहीं है जैसा उसे होना चाहिए। इस तरह दोनों तरह से सारी दुनिया 'अभाव' से भरी मालूम होती है।

कर्म के प्रसंग में तो यह बात सहज ही दिखायी दे जाती है किन्तु ज्ञान के संदर्भ में हमें अभाव की विद्यमानता को स्वीकार करने में कठिनाई होती है।

लेकिन थोड़ा सोचने पर यह साफ जाहिर होगा कि ज्ञान के संदर्भ में भी 'अभाव' की बात करना उतना ही जरूरी है जितना कि भाव और कर्म के संदर्भ में। ज्ञान की खोज का आरम्भ उस संशय से हाता है जिसमें आदमी को यह शक होने लगता है कि जो जिस ज्ञान को सच माने बैठा था वह वास्तव में सच है कि नहीं। **न्यायसूत्र** में तो 'संशय' को प्रमाण-व्यापार का मूलभूत पूर्वांग माना गया है जिसके बगैर ज्ञान की प्रक्रिया का प्रारम्भ ही नहीं हो सकता। विरासत में मिले हुए ज्ञान की जब तक हम अपूर्णता और दोषों को महसूस न करने लगें तब तक नये ज्ञान की खोज की शुरुआत ही नहीं हो सकती। यही नहीं, ज्ञान के संदर्भ में तो यह बात अक्सर ही की जाती है कि अगर ऐसा हो तो क्या होगा? या, अगर ऐसा हुआ होता तो क्या होता? इतिहास में तो यह सवाल हमेशा ही उठाया जाता है। इतिहास का हर लिखने वाला यह सोचे बगैर नहीं रह सकता कि अगर औरंगजेब की जगह दारा जीतता, या गाँधी जी की हत्या नहीं हुई होती, या इंदिरा गाँधी को उस तरह नहीं मारा जाता...। पर इससे भी ज्यादा जरूरी बात तो यह है कि आज के विज्ञान के संदर्भ में परीक्षण की प्रक्रिया एक प्रकार से अनिवार्य है और परीक्षण का एक अंग हमेशा यह होता है कि अगर ऐसा करें तो क्या होगा या क्या नहीं होगा। 'नहीं होना' ज्ञान की प्रक्रिया के लिए उतना ही जरूरी है जितना होना। यही बात जिसे अन्वयव्यतिरेक कहा जाता है उसके ऊपर भी लागू होती है। इससे भी अधिक, यदि आगे जाकर देखें तो विचार की प्रक्रिया में ही 'नहीं' या 'निषेध' का अनिवार्य स्थान है। ये निषेध अनेक प्रकार के होते हैं और इसे माने बगैर ज्ञान का स्वरूप समझा ही नहीं जा सकता। यही बात पूर्वपक्ष के खण्डन या मण्डन में लागू होती है। कहने का मतलब यह है कि अभाव का आभास ज्ञान की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए उतना ही आवश्यक है जितना भावना या कर्म के जगत् में। इस तरंह अभाव पर विचार का भारतीय दार्शनिक चिन्तन में ऐसा महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है जिसकी ओर उन्हीं लोगों का ध्यान गया है जिन्होंने उस दर्शन का अध्ययन किया है और उस पर मनन और चिन्तन किया है।

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

अपोह की बात प्रथम दृष्टि में इससे कुछ भिन्न लगती है, क्योंकि अपोह की चर्चा में किसी भी वस्तु के बारे में सोचने के संदर्भ में उन चीजों का आना अनिवार्य माना जाता है जिनके अस्तित्व का उस वस्तु का होना निषेध करता है। यह बात शुरू शुरू में तो अजीब लगती है कि आखिर जो चीज है सो है, उसको समझने की जरूरत ही क्या है जो वह नहीं है? लेकिन अनेक संदर्भों में मनुष्य यह समझने की कोशिश करता दिखाई देता है। यही नहीं, जो नहीं है उसे उसका अभिन्न अंग मानता है जो है। इसके कुछ उदाहरण आसानी से दिये जा सकते हैं। हर चयन की प्रक्रिया में जो नहीं चुना गया, जो रास्ता कहीं लिया गया पीछे उसे उतना ही जरूरी समझ उसका हम सपना लेते हैं। आधुनिक अर्थशास्त्र में एक अजीब उदाहरण मिलता है जिसकी साधारण मिसाल यह है कि अगर आपके पास कुछ पैसे हैं और बाजार में जाकर आप कुछ खरीदते हैं तो एक तरह से आपने उन सब चीजों को 'नकारा' है जो बाजार में उपलब्ध थीं किन्तु आप ने नहीं खरीदीं। यह सिद्धान्त बहुत कुछ अपोह जैसा ही है।

आम तौर पर 'अपोह' को इस तरह नहीं समझा जाता, लेकिन उस दृष्टि में जिसने इस सिद्धान्त को जन्म दिया है यह बात अनिवार्य रूप से अंतर्भूत है। आमतौर पर अपोह को इस तरह समझाया जाता है कि वह उन चीजों का निषेध करता है जिनका निषेध किसी विशेष वस्तु के होने में अंतभूर्त है। पर, यह अंतर्भूत होना क्या है? मान लीजिये यहाँ इस कमरे में इस समय घड़ा है, तो यह बात किसका निषेध करती है? कुछ लोग कहते हैं कि यह उन सभी का निषेध करती है जो वहाँ उसके बजाय हो सकता था। लेकिन इस कहने का मतलब क्या है? अगर कोई इस घड़े के बजाय कोई आदमी हो सकता था तो क्या यह उसका 'निषेध' होगा?

इस बात पर थोड़ा और ध्यान दिया जाना जरूरी है क्योंकि परम्परा में इसकी चर्चा हुई है। 'घड़ा' एक वस्तु है जो देश-काल में होती है, जिसमें द्रव्य, गुण आदि की चर्चा की जा सकती है। पर कोई कहे कि वहाँ आकाश नहीं है तो इसका क्या अर्थ होगा? इसी प्रकार कहे, वहाँ ब्रह्म नहीं है या जिसको हम गणितीय तथ्य कहते हैं वह नहीं है या, जिसको हम संख्या कहते हैं वह वहाँ केवल अपने एक रूप में ही विद्यमान है अन्य रूपों में नहीं, तो इसका क्या अर्थ होगा? यह बात कुछ कुछ उस तरह की है जैसी कि जब हम किसी वस्तु या घटना के बारे में बात करते हैं तो उसके बारे में किस प्रकार के गुणों की चर्चा कर सकते हैं? सब गुण सब चीजों में नहीं माने जा सकते। जैसे यदि कोई कहे कि 'संगीत नीला है' तो इसका कोई अर्थ नहीं है। 'नीला' पद का 'संगीत' पद के साथ प्रयोग नहीं किया जा सकता, न 'काला' का और न ही 'सफेद' का किया जा सकता है। अब, अगर हम 'संगीत' के संदर्भ में अपोह की बात करें तो इसमें पद-प्रयोग-विषयक उपर्युक्त परिस्थिति का क्या स्थान होगा?

इन उदाहरणों से जो बात पता लगती है वह यह है कि शुद्ध निषेध की बात करना बिल्कुल बेकार है। अभाव व अपोह विषयक चर्चाओं में ऐसा किया गया है। अभाव के

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

संदर्भ में कम, अपोह के संदर्भ में अधिक। अब अभाव की बात देखें। 'यहाँ कोई चीज नहीं है' इसमें 'नहीं होने' का क्या मतलब है? इस पर हम पहले भी थोड़ी चर्चा कर चुके हैं, लेकिन अब इसे अनेकान्त के संदर्भ में देखें जो जैनियों का विशिष्ट सिद्धान्त माना जाता है।

अनेकान्त की चर्चा अभाव और अपोह के संदर्भ में नहीं की जाती। भारतीय दार्शनिक, वे चाहे बौद्ध हों या नैयायिक या कोई और, 'अनेकान्त' का प्रयोग तो वे ऐसे करते हैं जैसे वह कोई ऐसी मूलभूत गलती है जिसकी ओर इशारा करते ही उसकी बात समाप्त हो जानी चाहिए। 'अनेकान्तिक' होना उनके लिए एक ऐसी अक्षम्य भूल है जो कोई विचारक कर ही नहीं सकता। किन्तु जैन लोग इसे अपने सिद्धान्त के रूप में मानते हैं, इसलिए जैन चिन्तकों को अन्य दर्शन-सम्प्रदाय 'दर्शन' ही नहीं मानते। अगर ध्यान से देखें तो अनेकान्त की बात कुछ कुछ वैसी ही लगती है जैसी अभाव और अपोह की। अनेकान्त के सिद्धान्त में कहने की कोशिश है कि कोई भी वस्तु या वस्तुस्थिति एकांगी नहीं होती। उसके अनेक आयाम होते हैं और कालक्रम में उसमें अनेक परिवर्तन घटित होते हैं। इन सबको अगर हम एक साथ रख कर देखें तो उनमें परस्पर विरोध दिखायी देगा। जो आज है, या अब है वह कल नहीं होगा। कुछ संदर्भों में तो कुछ देर बाद भी ऐसा होता देखा जा सकता है। अब अगर हम उस चीज को या उस वस्तुस्थिति को वैसा ही मानें तो हमें यह मानना पड़ेगा कि उस वस्तु में परस्पर विरोधी दिखने वाले गुण विद्यमान हैं और इस तरह से जो अब उसमें नहीं है उसको भी इस दृष्टि से विद्यमान मानना पड़ेगा। किसी भी वस्तु में कई बार वे गुण उत्पन्न होते हैं जो उसके सम्बन्ध विशेष में आने पर प्रकट होते हैं। इससे उस वस्तु में क्या क्या गुण हैं, इसका हमें ठीक ठीक पता ही नहीं लग सकता। वस्तु के उन गुणों का पता अन्य वस्तुओं के साथ उसके सम्बन्ध से ही चलता है किन्तु वस्तुओं के साथ संभावना रूप से उस वस्तु के अनेक सम्बन्ध होते हैं। इस प्रकार वस्तुओं की संबंध-जनित यह अनंतता का यह कथन ही अनेकांतवाद है। इसका सीधा सादा अर्थ यह है कि हरेक चीज में अनन्त गुणों की संभावना निहित रहती है जो एक समय तो दिखाई नहीं पड़ती किन्तु जिसे हमें मानना पड़ता है, क्योंकि उसमें वह सब धीरे धीरे बाद में दिखाई पड़ती है। यह वस्तुओं के अन्दर छिपी अनन्तता है। वह हमें दृष्टिगोचर तो नहीं होती लेकिन दार्शनिक चिन्तन से हमें सहज रूप में उपलब्ध हो सकती है। इसलिए जैन दार्शनिकों का कहना है कि अन्य दर्शन-संप्रदायों के सिद्धान्त एकांगी हैं क्योंकि वे वस्तु के समग्र रूप को नहीं देखते हैं, केवल उस रूप को ही देखते हैं जो समय विशेष में दृष्टिगत है। किन्तु बुद्धि हमें बताती है कि वास्तव में उसमें अदृष्ट, अगोचर, अनन्त संभावनायें निहित हैं जो कभी न कभी हमें दिखेंगी।

इस तरह से देखने पर वस्तुओं में एक छिपी अनन्तता का ज्ञान हमें प्राप्त होता है और कुछ ऐसी भी प्रतीति होती है कि कोई वस्तु न पूर्ण रूप से जानी जा सकती है और न ही वर्णित की जा सकती है। और अगर हम ऐसा करने की कोशिश करेंगे तो ऐसा दिखेगा

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

कि हम ऐसी अन्तर्विरोधी बात कर रहे हैं जो कभी भी सत्य नहीं हो सकती। इसी बात को उन्होंने 'अवक्तव्य' कहकर बताने की कोशिश की है। किसी भी चीज़ का असली सत्त्व या तत्त्व अपने आप में इस अर्थ में अवक्तव्य है कि भाषा में उसे पूर्ण रूप से पकड़ा ही नहीं जा सकता। यही नहीं, अगर हम ऐसा करने की कोशिश करेंगे तो जो हम करेंगे वह अन्तर्विरोधपूर्ण होगा।

अभाव, अपोह और अनेकान्त ये अलग अलग दिखाई देने वाले सिद्धान्त हमारा ध्यान इस ओर आकर्षित करते हैं कि किसी वस्तु या वस्तुस्थिति को सत्य कहने का अर्थ क्या है। यही नहीं, ये हमारा ध्यान इस ओर भी दिलाते हैं कि जो सत्य है या जो वास्तव में है उसका काल से क्या सम्बन्ध है। चीजों का काल में होने का अर्थ ही यह है कि उनमें परिवर्तन होता है, और परिवर्तन होने का मतलब यह है कि उसमें जो कुछ था वह बदल जाता है और कुछ नई चीज या गुण पैदा होते हैं। यही नहीं, यह निरन्तर परिवर्तन वस्तु में अपने आप होता है या दूसरी चीजों के सम्बन्ध में आने पर होता है, इसकी चर्चा इस सिद्धान्त में स्पष्ट रूप से नहीं देखी जा सकी। इस बात की चर्चा भी स्पष्ट की जानी चाहिए कि दो वस्तुओं का होना या एक दूसरे से अलग होना, क्या मायने रखता है। अनेकान्त के सिद्धान्त में तो इस सवाल का जवाब बहुत ही मुश्किल होगा कि दो कही जाने वाली, या दो अलग अलग दिखाई देने वाली वस्तुओं में किस प्रकार भेद किया जा सकता है? यही बात कुछ कुछ अपोह के बारे में भी है। जिन चीजों में अपोह की बात की जा रही है उनमें स्वयं की सत्ता क्या है या उनमें अपना सत्य क्या है? जो लोग 'अभाव' की बात करते हैं उनके लिए भी यह सवाल उतने ही महत्त्व का है कि अभाव 'किसका' है और जब किसी का अभाव समाप्त हो जाता है तब क्या होता है? संभावना, कल्पना या मानसिक और बौद्धिक रूप से सत्य होने और असली तरह के सत्य होने में भेद क्या सार्थक है? क्योंकि भेद करे बिना तो इन सबकी चर्चा ही नहीं की जा सकती।

एक अन्य प्रश्न जो विचारकों को दूसरी दिशा में ले जाता है वह यह है कि क्या ये सब समस्याएँ भाषा के प्रयोग से उठती हैं? भाषा अनेक भेद करती है। वह 'नहीं' के प्रत्यक्ष को जन्म देती है जिसको सत्य माने बगैर वह कुछ कह ही नहीं सकती। यही बात भाषागत विचार में भी दिखायी देती है। विचार भाषा के बगैर नहीं होता। लेकिन जहाँ भाषा है या विचार है वहाँ अभाव आदि को मानना पड़ेगा। और अगर अभाव और संभावना वस्तुगत नहीं है तो फिर इन्हें विचार की ही उपज मानना पड़ेगा। इस प्रकार कहने पर ऐसा लगता है कि चेतना का स्वरूप ही ऐसा है कि उसमें नकारने की शक्ति विद्यमान है। 'ऐसा हो सकता है' और 'ऐसा नहीं है' ऐसा कहते ही वह उसको सत्ता प्रदान करती है जो नहीं है। इस बात को भी दो तरीके से देखा जा सकता है। एक यह कि जब चेतना स्वयं से स्थित है तो उसके नहीं होने का प्रश्न नहीं किया जा सकता है। पर जैसे ही चेतना आत्म-चेतन होकर प्रश्न पूछती है या किसी क्रिया में संलग्न होती है या विमर्श करती है, तभी 'जो नहीं है' उसे अपनी परछाई के रूप में जन्म देती है। वही भाषा

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

में अभाव के रूप में और चिन्तन में नकारने के रूप में व्यक्त होता है। यह 'वह' है जिसकी सत्ता को न नकारा जा सकता है और न स्वीकार ही किया जा सकता है। यही चेतना की विडम्बना है और इसी से बचने के लिए दार्शनिक चिन्तन या विमर्श चेतना के उस शुद्ध रूप की खोज करता है जिसमें न कोई प्रश्न उठता है न समस्या। ऐसी स्थिति में न अभाव होता है न अनेकान्त और न ही अपोह। जहाँ तक नैयायिकों व बौद्धों का प्रश्न है, वे तो शायद इस बारे में एकमत हैं कि उस अवस्था में चेतना ही नहीं रहती। नैयायिकों के मोक्ष में तो चेतना ही नहीं होती अतः वहाँ प्रश्न उठने की कोई सम्भावना ही नहीं हो सकती। यही बात निर्वाण के बारे में भी है। वहाँ तो 'कुछ' भी नहीं है तो फिर अपोह या अभाव की बात बेकार ही नहीं असंभव भी है। यही नहीं, बोद्धों के 'चित्त' को 'क्षण-भंग' मानने पर अपोह की चर्चा ही नहीं हो सकती। जहाँ तक जैन दर्शन का सम्बन्ध है वहाँ पर यह प्रश्न उठ सकता है कि क्या केवली का ज्ञान अनेकान्तिक है? स्वयं महावीर से जब यह प्रश्न किया गया था कि सिद्धि सान्त है या अनन्त, तो उनका उत्तर कुछ इसी प्रकार का था। उन्होंने वहाँ पर कहा था कि द्रव्य की दृष्टि से सिद्धि या मोक्ष की अवस्था 'सान्त' है और इसी प्रकार देश की दृष्टि से भी सान्त है, किन्तु काल और पर्याय की दृष्टि से अनन्त है। इस उत्तर में दृष्टि-भेद निहित है और अगर महावीर की बात को सच मानें तो सिद्धि की अवस्था में 'भेद' रहता है और रहेगा। पर क्या वास्तव में उसे रहना चाहिए? महावीर प्रश्न का उत्तर दे रहे थे पर उस अवस्था में नहीं जब वे परम केवली की अवस्था में पहुँच गये थे। क्योंकि वह तो देह-त्याग के बाद ही संभव हो सकती है। लेकिन क्या उस अवस्था में पहुँचने पर केवली की आत्म-चेतना इस प्रकार के भेद कर सकती है, या उसमें इस प्रकार की दृष्टियाँ 'उत्पन्न' हो सकती हैं? उसके ज्ञान को तो 'सर्वज्ञ' का ज्ञान कहा जाता है और सर्वज्ञता में न ज्ञान अनेकान्तिक हो सकता है और न ही उसका रूप 'सप्तभंगी'। ये तो ज्ञान की अपूर्णता के परिचायक हैं और जिसे अभी सिद्धि प्राप्त नहीं हुई है वही अनिवार्य रूप से अपनी सीमित दृष्टि के परिप्रेक्ष्य में सत् और ज्ञान को इस रूप में देख सकता है। सीमित और सान्त चेतना का ज्ञान शब्द में, भाषा में बंधा होता है, और भाषा की सीमा ही उसके ज्ञान को एक प्रकार से अनेकान्तिक रूप में प्रस्तुत करने को बाध्य करती है। यही बात अपोह और अभाव के बारे में सत्य दिखाई देती है। निर्वाण की अवस्था में अपोह की बात करना बेकार लगता है और मोक्ष की अवस्था में 'अभाव' की। अपोह या अभाव या अनेकान्त तीनों उस आत्मचेतन प्राणी के ज्ञान में प्रतीत होते हैं जो सान्त है और अपूर्ण है और जिसका ज्ञान अनिवार्य रूप से आबद्ध है। इनमें आपस के भेद उस दृष्टि-भेद से उत्पन्न होते हैं जो इस अपूर्णता और सीमा को समझने की चेष्टा करती है। यह दृष्टि-भेद आत्मचेतना के उन तीन पक्षों की ओर ध्यान दिलाता है जो आत्मचेतना के ज्ञान में अनिवार्य रूप से संलग्न हैं। और यह तीनों एक दूसरे को समझने में सहायता ही नहीं करते बल्कि आत्मचेतन प्राणी की अपनी अवस्था को समझने में भी मदद करते हैं। अभाव या अपोह या अनेकान्त

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

न केवल हमारे ज्ञान की अपूर्णता के द्योतक नहीं हैं बल्कि उसको एक ऐसा आयाम भी देते हैं जिसके द्वारा हमारा अपूर्ण और सीमित ज्ञान पूर्णता की ओर निरन्तर अग्रसर होने की प्रक्रिया में संलग्न होता है। यह बात ज्ञानमीमांसा के संदर्भ में अधिक स्पष्ट नहीं दिखाई देती परन्तु जब हम कर्ममीमांसा, मूल्यमीमांसा और भाषामीमांसा की ओर बढ़ते हैं तब हमें अभाव, अपोह, और अनेकान्तिकता अपने नये रूपों में प्रकट होते दिखाई देते हैं। वहाँ 'भेद' दोष रूप में उपस्थित नहीं होता और न ही अनेकान्तिकता उस प्रकार दिखाई देती है जैसी वह ज्ञान के संदर्भ में अक्सर दीख पड़ती है। यहाँ तो वह ऐसी अनेक नई संभावनाओं को उत्पन्न करती प्रतीत होती है जो हमारे जीवन को अधिक सार्थक और चेतना को अधिक मूल्यवान् बनाते हैं। अभाव से हम जीवन में 'भाव' की ओर अग्रसर होते हैं और अपोह से 'अपने' को पाते हैं और अनेकान्त के द्वारा अनेक दिशाओं में सतत अग्रसर होते हैं।

इस प्रकार से देखने पर ये सिद्धान्त हमें एक-दूसरे के पूरक प्रतीत होते हैं और हमें इनमें एक ऐसी नई सार्थकता दिखाई देती है जो स्वयं हमारे जीवन को भी सार्थक बनाती है।

बी- 189 ए, विश्वविद्यालय मार्ग,
बापूनगर, जयपुर-302015

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

काव्य-तत्त्व 2

यशदेव शल्य

पीछे[1] हमने 'सत्य' को 'शिव' और सुन्दर' से अन्तर्निविष्ट अवधारणा के रूप में प्रतिपादित किया था। इस सम्बन्ध में कुछ सुधी जनों[2] की प्रतिक्रियाएँ जानकर कुछ स्पष्टीकरण की आवश्यकता जान पडी। यह आवश्यकता इसलिए है क्योंकि 'सत्य' शब्द का प्रयोग सामान्यतः उससे भिन्न प्रकार से होता है जिस प्रकार से हमने इस लेख में किया है—सत्य करना, सत्य हो जाना, के रूप में। यद्यपि हमने इस शब्द का इस अर्थ में प्रयोग अन्यत्र भी अनेक बार किया है[3] किन्तु वहाँ इसमें शिव और सुन्दर का अन्तर्निवेश उस प्रकार स्पष्ट रूप से नहीं प्रतिपादित किया गया जिस प्रकार इस लेख में किया गया है, यद्यपि वहाँ भी यह अभिप्रेत उसी प्रकार रहा है जिस प्रकार इस लेख में। शब्द-प्रयोग में यह प्रकट भेद केवल प्रसंग के अनुरोध के कारण ही है। उपर्युक्त प्रतिक्रियाओं में एक प्रतिक्रिया थी कि हमने **मूल्यतत्त्व-मीमांसा** के 'कला का अन्वेष्य' अध्याय में कला का अन्वेष्य सौंदर्य के विपरीत सत्य को कहा है और इस सम्बन्ध में प्रचलित धारणा को अस्वीकार्य कहा है। इस प्रकार इस लेख का प्रतिपादन 'कला का अन्वेष्य' लेख के प्रतिपादन से भिन्न, यदि विपरीत नहीं तो, हो जाता है। यह सही है, किन्तु 'काव्य-तत्त्व' लेख में सत्य को शिव और सुन्दर से अन्तर्निविष्ट कहते हुए हमें 'कला का अन्वेष्य' लेखगत प्रतिपादन का ध्यान नहीं था ऐसा नहीं है। इस प्रकट विरोध का स्पष्टीकरण हमने उस लेख में इसलिए नहीं किया क्योंकि वह अवान्तर प्रसंग में जाना होता, अन्यथा प्रसंगोपात्त रूप से इन दो प्रतिपादनों में अविरोध स्पष्ट दिखायी देता है। 'काव्य-तत्त्व' लेख में भी काव्य का अन्वेष्य सौंदर्य को नहीं कहा गया है सत्य ही को कहा गया है, केवल यहाँ सत्य के अर्थ की संपूर्णता शिव और सुन्दर के उसमें अन्तर्भाव में देखी गयी है।

वास्तव में सत्य और सुन्दर बहुत अनिश्चित अवधारणाएँ हैं यद्यपि शिव उतनी अनिश्चित अवधारणा नहीं है। एक पाश्चात्य अनुभववादी-तार्किक प्रत्यक्षवादी दार्शनिक टार्स्की ने सत्य को इस प्रकार परिभाषित किया है—" 'बाहर वर्षा हो रही है' कथन सत्य है यदि बाहर वर्षा हो रही हो तो।"[4] इस संप्रदाय के दार्शनिक 'सत्य' की यही परिभाषा स्वीकार करते हैं और वास्तव में वे यही परिभाषा स्वीकार कर सकते हैं। 'सत्य' शब्द का साधारण प्रयोग भी मूलतः इसी अर्थ में होता है। किन्तु यह प्रयोग इस शब्द का बहुत ही साधारण और स्थूल अर्थ में प्रयोग है। प्रकटतः बहुत कुछ इसी अर्थ में सत्य को लेते हुए मैंने 'कला का अन्वेष्य' अध्याय में कहा है कि कलाकार विषयितया गृहीत अर्थ की अनुकृति प्रस्तुत करता है। किन्तु विषयितया गृहीत या भावित अर्थ की यह अनुकृति कैसी होती है और यह कैसे प्रस्तुत की जा सकती है? 'ऐन्द्रिय प्रत्यक्ष रूप में गृहीत' विषय की

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

अनुकृति और 'विषयितया भावित भाव की अनुकृति' इन दो स्थितियों में 'अनुकृति' का अर्थ आधारतः भिन्न हो जाता है किन्तु इससे काव्य या अन्य कलाकृतियों के सत्य या असत्य होने की बात नहीं बदलती। फिर 'सत्य' शब्द के ऐसे प्रयोग भी हैं, और साधारण प्रयोग ही, जैसे 'वह अपने प्रति सच्चा है,' 'वह सत्य परायण है' आदि। इसके भी आगे, महात्मा गाँधी का सत्य को ईश्वर कहना और साथ ही उचित उद्देश्य के लिए उचित विधि से संघर्ष करने को 'सत्याग्रह' कहना, अपनी आत्मकथा को 'सत्य के प्रयोग' कहना, गुरु ग्रंथ साहिब का सिरीवाहे गुरु को 'सत्तनाम' कहना, ये सब भी 'सत्य' शब्द के ही प्रयोग हैं, चाहे इनके अर्थ को लोग सम्यक् रूप से नहीं समझते हैं। इन सब प्रयोगों में 'कर्म का अपने औचित्य के अनुरूप होना', 'आत्मा का अपने स्वरूप के अनुरूप होना', दूसरे शब्दों में 'जो तथ्यतः अपने स्वरूप के प्रतिरूप है उसे अपने स्वरूप के अनुरूप करना' आदि अभिप्रेत हैं जो स्वरूप शिवात्मक है, जो स्वरूप वैसा है जैसा उसे होना चाहिए। इनमें से किसी प्रयोग में देश-काल में घटित घटना से कथन की कथ्य से अनुरूपता अभिप्रेत नहीं है, जो टार्स्की की परिभाषा का आधार है और जिसके आगे अनुभववादी किसी अभिप्राय का औचित्य सोचने को भी तैयार नहीं हैं। 'सत्य' शब्द के ये उधार के प्रयोग नहीं हैं, केवल अधिक गहरे, अधिक गुरु और अधिक युक्त प्रयोग हैं। *बाहर वर्षा होने और उस होने को कहने में भी चेतना का अध्यवसाय के स्तर पर आरोहण कर रूप-रंग-हीन घटना मात्र को उसका रूप-दर्शन कराना, उसे भौतिक के निबिड़ अन्धतमस से बाहर निकालकर चेतना के प्रकाश में लाना प्रतिफलित होता है। यही तथ्य का सत्य होना है।* यही तथ्य का आत्मदर्शन, यही उसका तमस से प्रकाश में प्रवेश जब गहन आत्मग्लानिजन्य आत्मालोड़न में अथवा दार्शनिक विमर्श या काव्य में अपनी अथाह गहराइयों और अनन्त विस्तार को नापने चलता है तब इसके स्वरूप की शिवता और सौंदर्य भी सहज प्रकट हो जाते हैं। वास्तव में शुद्ध सत्य एक उद्गृहीत (एब्स्ट्रेक्ट) अवधारणा है जिसमें विषयी से पृथक्कृत विषय अपनी एकान्त तथता में कल्पित किया जाता है और उसकी उतनी ही वर्ण-हीन भाषात्मक प्रतिकृति प्रस्तुत की जाती है। इसका आदर्श रूप ऐसी शुद्ध भौतिकता में ही सिद्ध होता है जिसका विषयी से पृथक् अपना कोई स्वरूप नहीं हो सकता, जैसाकि काँट की स्वलक्षण वस्तु (थिंग इन इट्सेल्फ) की कल्पना में देखा जा सकता है। किन्तु चेतना अनिवार्यतः शिवत्व और सौंदर्य की अपेक्षी होती है। शुद्ध सत् के लिए या तो उसमें कोई अवकाश नहीं होता अथवा सत् उसमें केवल एक साध्य स्थिति रहता है जिसमें सब अशिव और असुन्दर निरस्त हो जाते हैं—बौद्धों के निर्विकल्पक प्रत्यक्ष की विषय स्वलक्षण वस्तु के समान। इसी को हमने 'तथ्य का सत्य होना', अधिक उपयुक्त शब्दों में, 'तथ्य द्वारा अपना सत्य पा लेना' कहा है। निश्चय ही विषयार्थ के अनुसंधान में यह बात उतनी सहज स्पष्ट नहीं होती और हमारे अनुसंधानों का सहज रूप विषयपरक ही होता है। विज्ञान, दर्शन और शास्त्र यही करते हैं। किन्तु कलाओं में अनुसंधान विषयिता का आयाम लेता है इसलिए उनमें सत्य का तत्परक रूप गौण और

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

शिव तथा सौंदर्यपरक रूप मुख्य रहता है। किन्तु ऐसी विषयपरक स्थिति में भी जैसी 'बाहर वर्षा हो रही है' वाक्य में अभिहित है, वाक्य अपने अभिप्राय में इस अभिधेय तक ही परिसीमित नहीं होता, इसमें वर्षा की वांछनीयता-अवांछनीयता आदि भी व्यंग्य रहती हैं। इस प्रकार इसके अर्थ की संपूर्णता में वर्षा होने की सूचना मात्र उद्‌गृहीत अर्थ ही होता है। विज्ञान विषयिनिरपेक्ष विषयता के अनुसंधान का आदर्श रूप कहा जा सकता है जिसकी सिद्धि के लिए वह गणितीय समीकरणों की भाषा का अवलंबन करता है, किन्तु वह भी इसके आधार में एक वैश्व नियम और विषय की संरचनात्मकता को पूर्वगृहीत करने को बाध्य होता है, क्योंकि गणितीय समीकरण उसके बिना अर्थ-शून्य रेखाएँ मात्र रह जायेंगे। किन्तु नियम तथा संरचना दोनों चेतनामूलक अवधारणाएँ हैं।

यहाँ आपत्ति की जा सकती है कि 'बाहर वर्षा हो रही है' कथन जिस घटना या वस्तु-स्थिति का कथन करता है वह स्वतः तो मूल्य-निरपेक्ष रूप में ही घटित होती है। मनुष्य के लिए उसका कुछ मूल्य भी है यह उसके सम्बन्ध में उससे पृथक् बात होती है, और उपर्युक्त कथन उसी का कथन करता है, और इस कथन की सत्यता-असत्यता इसी में होती है। यह ठीक है जहाँ तक इस घटना के भौतिक लोक में घटित होने का सम्बन्ध है, किन्तु टार्स्की के अनुसार भी स्वयं इस घटना के घटित होने में कुछ सत्यासत्य नहीं है। यह घटना सत्यासत्य कथन से बनती है, बल्कि कहें सत्यासत्य कथन ही होता है, घटना नहीं, और इस कथन के अर्थ की संपूर्णता में यह घटना, या कहें अर्थ, एक उद्‌गृहीत अवयव मात्र होती है। इस पर कहा जा सकता है कि, 'तो यह भी वर्षा का उपयोगी-अनुपयोगी होना ही हुआ, शिव-अशिव होना नहीं, और जैसाकि हम जानते हैं जगद्व्यवस्था स्वयं से जीव या मनुष्य के भी, उपयोगानुसार नियत नहीं है। प्रथमतः तो विश्व एक व्यवस्था है यह कहने के लिए ही हमारे पास कोई आधार नहीं है, और यदि इसे व्यवस्थित मान भी लिया जाये तो यह भी उपयोगिता-अनुपयोगिता और शिवता-अशिवतामूलक है ऐसा कहने के लिए हमारे पास कोई आधार नहीं है।

इसके उत्तर में हम इतना ही कहना चाहेंगे कि व्यवस्था के बिना जगत् कल्पनीय ही नहीं है। साधारण प्राणि-व्यवहार और विज्ञान भी इसे व्यवस्थामूलक पूर्वगृहीत कर ही प्रवृत्त होते हैं। किन्तु यदि यह मान भी लें कि यह स्वयं में ऐसा नहीं है तो हमें यह भी मानना होगा कि इसमें सत्य की प्रतिष्ठा भी संभव नहीं है, क्योंकि उसके सत्य होने के लिए उसका व्यवस्थित होना आवश्यक है। वैदिक ऋषि के इस कथन में कि "यह जगत् मनीषी कवि द्वारा शाश्वत रूप से याथातथ्यतः रचित है" यही दृष्टि है।

किन्तु यहाँ हमारे लिए यह विवेच्य नहीं है कि जगत् वास्तव में ही याथातथ्यतः व्यवस्थित : अपने सत्य में प्रतिष्ठित : है या नहीं, किन्तु मनुष्य कम से कम अपने को और अपने जगत् को अपने सत्य में सहज प्रतिष्ठित नहीं पाता। इस सत्य का केवल वह अपनी बुद्धि में एक अस्पष्ट और अनिश्चित-सा आभास मात्र पाता है। वह अपने अस्तित्व और अस्तित्व क़ी युक्तता में विशाल खाई देखता है। विज्ञान (यहाँ इस शब्द को भौतिक,

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

जैविक और सामाजिक नियोजन-विधि के व्यापक अर्थ में लेते हुए) के रूप में वह अपने जगत् के सत्य स्वरूप को जानने-समझने का और उसके अनुसार उसे साधने का प्रयत्न करता है, धर्म के रूप में वह आत्म-स्वरूप का आभास पाने और उसके अनुसार अपनी प्रवृत्तियों को साधने का प्रयत्न करता है, और कला के द्वारा वह अपने भावलोक का अवगाहन करने और उसके सत्य को समझने और साधने का प्रयत्न करता है, दार्शनिक विवेचन द्वारा वह जगत् और जीवन के इन विभिन्न सत्यों को एक परम सत्य में प्रतिष्ठित करने का प्रयत्न करता है। दर्शन इस परम सत्य का दर्शन चेतना के स्वकीय प्रकाश में ही करता है, यह बात यहाँ ध्यातव्य है।[5] वास्तव में मनुष्य के अस्तित्व और उसके सत्य, उसके होने और उस होने की युक्तता के बीच अन्तराल का उद्‌भव ही उसके आत्मचेतन होने के कारण होता है और इसी आत्मचेतना में इस अन्तराल के निवारण के प्रयत्नों की प्रतिष्ठा होती है। इसलिए इस सबके तत्त्व को भी वह आत्म-दर्शन में ही पा सकता है।

यहाँ प्रश्न हो सकता है कि सत्य में शिव के अन्तर्भाव की बात तो समझी जा सकती है किन्तु सौंदर्य के अन्तर्भाव की बात बुद्धिगम्य नहीं है। श्रेय और प्रेय को प्रायः विरुद्ध-स्वभाव ही देखा गया है, स्त्री-सौंदर्य को (या कहें स्त्री और पुरुष के सौंदर्य को परस्पर के लिए) अविद्या-जाल में फँसाने वाला, आत्मविमुख करने वाला, और इस प्रकार अशिव का हेतु ही देखा गया है। यह सही है। स्त्री-पुरुष के सौंदर्य का प्राकृतिक रूप भोग-वृत्तिक ही है। किन्तु प्रकृति में यह भोग शिव का साधन है, क्योंकि यह जीवन के सातत्य का हेतु बनता है। केवल मनुष्य के स्तर पर इसके इस रूप में व्यतिक्रम उत्पन्न होता है, क्योंकि इस स्तर पर चेतना में ही व्यतिक्रम घटित होता है। यह चेतना विषय-चेतना से आत्म-चेतना बनती है जिससे इसकी साधना-यात्रा एक सर्वथा दूसरी, बल्कि कहें विरुद्ध दिशा में अग्रसर होती है। यात्रा के इस चरण में चेतना प्राकृतिक नियम से नियुक्त नहीं रहकर अपने नियम की सर्जक और सर्ज़न के सत्य की अन्वेषी बनती है। प्राकृतिकता से विमुक्त इस चेतना के लिए सौंदर्य भोगार्थक नहीं रहता। प्रकृति के सौंदर्य-दर्शन में तो यह अर्थान्तर स्पष्ट लक्षित होता ही है—उसमें यह अतर्कित रूप से किसी गुह्य सत् के संकेत जैसा प्रतीत होता है, किन्तु मनुष्य का सौंदर्य भी बहुत बार उन्नायक उदात्त-भाव का व्यंजक ही बनता है—सुन्दर बालक और सुन्दर वृद्ध की चित्ताकर्षकता बहुधा उदात्त भाव की उद्‌भावक ही होती है। इसके विपरीत बहुत बार भाव की उदात्तता से भी चेहरा सौंदर्य-दीप्त होता है, जिसे भव्य कहते हैं। इतना ही नहीं, रूप-सौंदर्य का दर्शन जहाँ भाव की उदात्तता की प्रतीति उपजाता है वहाँ किसी के भाव की उदात्तता अनदेखे रूप-सौंदर्य को दिखाने की हेतु भी बनती है। भाव-औदात्य द्वारा दिखाया गया यह रूप-सौंदर्य भी भोगेच्छा-संबद्ध हो सकता है, किन्तु वह स्वयं से भोगार्थक नहीं होता, वह पुण्य भाव का व्यंग्य ही रहता है। सुन्दर रूपवान् व्यक्ति में शील का अभाव पाकर हमें वैसा ही आघात लगता है जैसा मरीचिका के प्रकट हो जाने पर लगता है। राम और कृष्ण एवं सीता और पार्वती का रूप-लावण्य तो भाव-औदात्य का ऐसा सहकारी है कि इनमें कौन किसका हेतु

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

है यह नहीं कहा जा सकता। इस प्रकार रूप-सौंदर्य को तब रूपका सत्य कहा जा सकता है जब वह भाव की उदात्तता का व्यंजक होता है, अन्यथा नहीं। साधारण व्यवहार में भी रूप-सौंदर्य दुश्शील का सहचर होने पर या तो शीघ्र विकर्षक लगने लगता है या फिर वह मात्र भोग का उद्दीपक मात्र रह जाता है, वह प्रेम और आदर का विषय नहीं रहता, क्योंकि उसमें व्यक्ति का उसकी समग्रता में सौंदर्य नहीं देखा जाता।

किन्तु जब हम सत्य में शिव और सौंदर्य को अन्तर्हित कहते हैं तब 'सौंदर्य' का अर्थ रूप का सौंदर्य नहीं होता, तब उसका अर्थ सौष्ठव मात्र होता है। एक युक्त विचार सम्यक् भी होता है और शिव भी, विचार की सम्यक्ता उसकी भाषा में अभिव्यक्ति के सौष्ठव की पर्याय होती है और शिवत्व उसके चेतना को आलोकित करने का। यहाँ ध्यातव्य है कि सभी भारतीय दर्शन ज्ञान को मोक्ष का हेतु मानते हैं। एक चित्र का सौन्दर्य चित्रित रूप की चित्ताकर्षकता के चित्रण में नहीं होता, उसकी व्यंजकता में और व्यंग्य भाव के महत्त्व में होता है। इस प्रकार चित्र का सौंदर्य शिव (व्यंग्य भाव के महत्त्व) और सत्य (व्यंजकता) का सहचर होता है और तीनों का संयोग चित्र का सत्य। यहाँ कहा जा सकता है कि बहुत से चित्र या अन्य प्रकार की कलाकृतियाँ अथवा साहित्यिक कृतियाँ प्रभाव में अशिव भी हो सकती हैं जबकि वे व्यंजकता में अत्यन्त सफल और सशक्त हो सकती हैं। यह सही है। किन्तु ऐसी कृति को हम कलात्मक रूप से असफल ही कहना चाहेंगे और उसके सौष्ठव को उसी प्रकार असुष्ठु जिस प्रकार ऊपर रूप-सौंदर्य को शील के बिना आत्म-असंगत कहा गया है। हमारी पुराण-कथाओं में असुर स्त्रियाँ माया-शक्ति से रूप-सौंदर्य धारण करती कही गई हैं। उपर्युक्त कलाकृतियों की सुन्दरता या प्रभावकता वैसी ही होती है। यहाँ शृंगार रस के सफल निर्वाह के लिए भरतमुनि द्वारा नायक-नायिका के सौंदर्य की परिभाषा उल्लेखनीय है। उनके अनुसार "नायक को जितेन्द्रिय, ज्ञानवान, नाना शिल्पों में विलक्षण, गम्भीर, उदार, धीर आदि होना चाहिए और नायिका को मृदु स्वभाव वाली, अचपल, मित भाषिणी, अनिष्ठुर, गुरुजन के प्रति आदरवाली, सलज्ज आदि होना चाहिए।"[6] इन गुणों को जीवन और काव्य दोनों में सौंदर्य की पूर्वापेक्षाएँ कहा जा सकता है, विशेषतः जितेन्द्रियता, धीरता, गम्भीरता, उदारता आदि को और मृदु भावमयता, अचपलता आदि को। इनके बिना रूप-सौंदर्य आसुरी माया मात्र रह जाता है। यहाँ रवीन्द्रनाथ ठाकुर की **चित्रांगदा** नाटिका का और **देवदास** पिक्चर का उल्लेख स्थाने होगा। ठाकुर की नाटिका में रूप-सौंदर्य से हीन चित्रांगदा अर्जुन को विवाह के लिए तत्पर करने के लिए तपस्या कर देवता से एक वर्ष के लिए सौन्दर्य का वर माँगती है। केवल एक वर्ष के लिए इसलिए क्योंकि रूप-सौंदर्य वास्तविक सौंदर्य के लिए सहज संकेत बनता है। इसके विपरीत **देवदास** पिक्चर में वेश्या देवदास के औदात्य से उसके प्रति न केवल अशेषतः समर्पित हो जाती है बल्कि स्वयं आमूलतः रूपान्तरित भी हो जाती है। इसमें औदात्य सौन्दर्य के आविर्भाव का हेतु बनता है। पिक्चर में उनका शारीरिक सम्बन्ध दिखाया नहीं गया है और न उसके होने और नहीं होने का उस प्रेम में कोई अर्थ रह जाता है। वास्तव में प्रेम की उदात्तता में

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

शरीर बाह्य और अन्तिम छोर मात्र रह जाता है, केन्द्रीय केवल हृदय रहता है, उसी में सौंदर्य का उज्ज्वलतम रूप प्रकट होता है।

यहाँ यह ध्यातव्य है कि मनुष्य अधिकांश में सत्य को देख पाने में असफल ही रहता है। अधिकांश में वह असत्य को ही सत्य मानकर उसमें नियुक्त रहता है। यही दार्शनिक, कलाकार आदि के लिए भी सही है। अनेक दार्शनिक ऐन्द्रिय प्रत्यक्ष मात्र को सत् का ज्ञापक मानते हुए सूक्ष्म और कुशल विचार-तंत्र खड़ा कर पाते हैं और उसी में अपनी चरितार्थता देखते हैं, इसी प्रकार कलाकार प्राकृतिक आवेगों और प्रवृत्तियों के सशक्त चित्रण द्वारा महान कलाकार होने का भ्रम उत्पन्न करते हैं। किन्तु महान दर्शन तर्क-कौशल या महीन और जटिल सिद्धान्त रचना मात्र से संभव नहीं होता और न कला आवेगों के उद्दीपन में सफल निरूपण से महान रचना करने में सफल होती है। इन दोनों क्षेत्रों में, या जीवन में भी, महत् सिद्धि महान सत्य के दर्शन और उसे अभिव्यक्ति देने की सफलता से ही उपलब्ध होती है।

सन्दर्भ एवं टिप्पणी

1. द्रष्टव्य उन्मीलन के जुलाई, 1999 अंक में तथा बहुवचन के प्रथम अंक में प्रकाशित 'काव्य तत्व' लेख।
2. इस लेख पर 'उन्मीलन गोष्ठी' में विचार हुआ जिसकी कार्यवाही इसी अंक में आगे प्रकाशित की जा रही है।
3. सत्ताविषयक अन्वीक्षा और मूल्यतत्त्व-मीमांसा पुस्तकों में भी इसी अर्थ में इस शब्द का प्रयोग हुआ है।
4. एल्फ्रेड टार्स्की : 'दि सिमेंटिक कॉंसेप्ट ऑफ ट्रुथ', : सिमेंटिक्स एण्ड दि फिलोसोफी आफ लेंग्वेज (सं.) लिओनार्ड लिस्की, प्रका. यूनीवर्सिटी ऑफ इल्लिनोइस प्रेस, 1952 में संकलित।
5. द्रष्टव्य यशदेव शल्य चिद्विमर्श पुस्तक का 'दर्शन का आरंभ-बिन्दु' अध्याय
6. नाट्यशास्त्र, खंड 3 श्लोक 9-10 यहाँ नगीनदास पारेख के अभिनव का रस विवेचन, विश्वविद्यालंय प्रकाशन, वाराणसी, 1974 पृ. 77 से उद्धृत।

पी-51, मधुवन पश्चिम,
किसान मार्ग, जयपुर-302015

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

उन्मीलन-गोष्ठी 1

विषय — श्री यशदेव शल्य का उन्मीलन के जुलाई, 1999 अंक में प्रकाशित 'काव्य-तत्त्व' लेख।

यह गोष्ठी 22.12.1999 को प्रोफेसर दयाकृष्ण के घर पर हुई। इस में निम्नलिखित ने भाग लिया—प्रोफेसर दयाकृष्ण, डॉ॰ मुकुंद लाठ, श्री यशदेव शल्य, डॉ॰ नन्दकिशोर शर्मा, डॉ॰ के. एल. शर्मा, डॉ॰ योगेश गुप्ता, डॉ॰ सरला कल्ला, डॉ॰ अंजु ढड्ढा, डॉ॰ राघव प्रकाश शर्मा तथा डॉ॰ शैलजा। इस गोष्ठी में डॉ॰ मुकुंद लाठ ने तथा मैंने शल्य जी के उपर्युक्त लेख पर टिप्पणियाँ प्रस्तुत कीं, जिनके शल्य जी ने उत्तर दिये। इसके अनंतर लेख पर और टिप्पणियों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। यहाँ मुकुंद जी की तथा मेरी टिप्पणियाँ और शल्य जी द्वारा उनके उत्तर नीचे दिये जा रहे हैं।

सरला कल्ला

मुकुन्द लाठ

शल्य जी साहित्य पर बरसों से लिखते रहे हैं। आलोचक की संवेदनामयी दृष्टि से भी और दार्शनिक की तत्त्वान्वेषी दृष्टि से भी। दोनों ही दृष्टियाँ विमर्श चाहती हैं, पर दोनों के विमर्श में गहरा भेद भी होता है। भेद इस अर्थ में स्पष्ट ही होता है कि दर्शन साहित्य या कला की संवेदना बिना भी समीचीन और सार्थक हो सकता है—चाहे कुछ दार्शनिक इसमें असम्पूर्णता ही क्यों न देखें। साहित्यालोचना की अपनी विचार-शैली तो लगता है जैसे दर्शन की अपेक्षा भी नहीं रखी। यह सही है कि आलोचना भी विचार ही करती है, पर विचार वहाँ युक्ति का आधार नहीं लेता, न किसी सत्य या तत्त्व का संधान करता है। विचार वहाँ काव्य-जनित बोध को ही केन्द्र में रखता है, उसीको भाषा—या यों कहें कि 'परिभाषा' देने की चेष्टा करता है। 'परिभाषा' शब्द का प्रयोग यहाँ आलोचना की भाषा और साहित्य की भाषा में भेद करने के लिए कर रहा हूँ। साहित्य में भाषा जो बोध जगाती है, आलोचना उसीके विश्लेषण पर आधारित होती है—विमर्श द्वारा उसे 'परिभाषित' करती है। यह विमर्श साहित्य-जीवी होता है। साहित्य की तरह स्वतन्त्र नहीं। दर्शन में विमर्श स्वतन्त्र होता है। कुछ लोग दर्शन के विमर्श को विमर्शजीवी कहते हैं—विचार पर विचार। जैसे कह सकता हूँ कि आलोचना के विचार पर मैं यहाँ विचार कर रहा हूँ तो दर्शन की ओर उन्मुख हूँ। पर सत्य या तत्त्व क्या है? यह प्रश्न अगर दर्शन का प्रश्न है तो दर्शन को विचार पर विचार की सीमा में नहीं बाँधा जा सकता।

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

तत्त्व क्या है, यह प्रश्न एकवचन भी हो सकता है, बहुवचन भी। शल्य जी के इस लेख में बहुवचन ही है—इस अर्थ में कि किसी एक परमतत्त्व की नहीं, अन्य तत्त्वों में तत्त्व विशेष की जिज्ञासा कर रहा है। पर शल्य जी के, या किसी भी विमर्श-निष्ठ दार्शनिक के पाठक को यह भूलना नहीं चाहिये कि दर्शन के एकवचन और बहुवचन में एक संश्लेषण भी होता है। दार्शनिक का समूचा तत्त्वदर्शन एक तदात्म नहीं तो तदात्मधर्मी दृष्टि और विमर्श के सूत्र में पिरोया होता है। दर्शन का यही पुरुषार्थ है। और विचार का भी यही धर्म जान पड़ता है कि उसमें शिल्प की तरह ही परस्पर-भाव का एक अवयवी बने। कुछ दार्शनिक इससे इनकार करते भी हों तो शल्य जी नहीं करते। यह बात उनके अन्य लेखन से प्रकट है, जो विशद भी है और जिसमें तत्त्व-दर्शन का बहुवचन एकवचन भी साधता रहा है। तात्पर्य यह कि शल्य जी का कोई भी लेख सच पूछिये तो उनके विचार के एक बृहत्तर सन्दर्भ से अलग नहीं किया जा सकता।

शल्य जी ने 'काव्य-तत्त्व' में विचार का एक सूत्र उठाया है, जहाँ वे अपने चिन्तन को ऊह्य रखते हुए भी काव्य की अपनी प्रकृति को उभारने का एक नया द्वार लेते हैं। बात एक अपेक्षया छोटे से लेख में कही गई है इसलिए उसे बात का सूत्रपात ही कहना चाहिये।

तत्त्व की दृष्टि से काव्य या साहित्य की अपनी विशेषता को शल्य जी कवि की मनीषा के आधार पर देखते-आँकते हैं। 'मनीषा' न कहकर 'संवेदना' भी कहा जा सकता है, जो शायद अधिक समीचीन शब्द होगा। कवि की मनीषा संवेदना-प्रधान होती है, उस संवेदना के स्वरूप पर शल्य जी ने इस लेख में विचार किया है। उसे ज्ञान की कोटि में रखा है, इसलिए मनीषा कहना भी असमीचीन न होगा। शल्य जी ने कविर्मनीषी...कहा ही है।

लेख को एक पुरानी औपनिषद उक्ति की वृत्ति या विवृत्ति भी कहा जा सकता है। उक्ति लेख के आरम्भ में ही आती है : कविर्मनीषी परिभूः स्वयंभूः याथातथ्यतोऽर्थान् व्यदधाच्छाश्वतीभ्यः समाभ्यः। जैसे शल्य जी ने उल्लेख भी किया है, यह **ईशोपनिषद्** की उक्ति है। यों वेद की भी कही जा सकती है क्योंकि **ईशोपनिषद्** को संहिता में ही स्थान दिया गया है। न भी दिया गया होता तो भी वेद की ऐसी ऋचायें मिल जायेंगी जहाँ यही बात कही गई है।

ईश की उक्ति के सिवा शल्य जी ने एक और उक्ति का सहारा लिया है जो परवर्ती काव्यमीमांसा की सूक्ति है। यहाँ काव्य-धारणा आर्ष नहीं अनार्ष है, रस-धारणा में बसी है। 'जहाँ न पहुँचे रवि वहाँ पहुँचे कवि।' इस उक्ति का पुराना पारंपरिक आशय रस-धारणा से प्रभावित है : कवि एक मनोहारी कल्पलोक में हमें ले जाता है, जो व्यवहार के लोक से अलग, निराला होता है। बात यहाँ **ईश** से उलटी दिशा में जाती है। शल्य जी यह जानते हैं, पर इसकी उन्होंने अपनी सी व्याख्या की है, जिसका आधार **ईश** की उक्ति को ही बनाया है। रवि को बाह्य चक्षु का प्रतीक लेते हुए शल्य जी कवि को अन्तश्चक्षु-सम्पन्न कहते हैं। वह वस्तु के बहिरंग के भी उसके अन्तरंग को देखता और उभारता है। **ईश** की उक्ति में उनके लिए कवि द्रष्टा ही नहीं स्रष्टा भी है। वह उस ईश्वर के तुल्य है

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

जिसने वस्तुओं को उनका 'यथातथ' रूप दिया है। यह यथातथ रूप उनका अन्तरंग है। इस अन्तरंग रूप को कवि ही पकड़ सकता है इसीलिए ईश्वर भी स्रष्टामात्र नहीं—जो कि बहिरंग की निर्मिति से भी हो सकता था—पर कवि है। इसलिए कि वह स्वयं अपना भी निर्माता है, अपने स्वरूप में स्थित हो कर वस्तुओं को स्थिति देता है। यही उनका 'यथातथ'—उनका धर्म, उनका स्वरूप—बल्कि मर्म है। यह मर्म सत्य-शिव-सुन्दर है। कवि की चेतना इस मर्म में जितनी स्थित होती है—जो उसका अपना भी मर्म है—उतना ही वह कवि होता है। इसी बात को यों भी कह सकते हैं कि कवि जितना ऋत का विधाता होता है—सृष्टि के अन्तरंग 'होने' को उसके होने के छन्द को—व्यापार-व्यवस्था को—अपने आप में और अपनी रचना में जगा सकता है, उतना ही वह 'मार्मिक' होता है। मर्म में बसा हुआ, मर्म को जगाता, 'सृष्ट' करता हुआ।

कवि यों ज्ञानी है। तभी शायद शल्य जी ने 'काव्य' के साथ 'तत्त्व' शब्द रखा है। उसकी प्रज्ञा उसी कोटि में आती है जिसमें धर्म, अध्यात्म और दर्शन की। शल्य जी के लिए इस प्रज्ञा के मूल में एक दृष्टि है : वस्तु यथातथ होती नहीं, उसे यथातथ होना होता है। कवि की प्रज्ञा में विशेष बात यह है कि वह नहीं होने की, नहीं हो पाने की व्यथा को जानता है। अनृत होने की वेदना को—जो मनुष्य की आत्मचेतना में तीव्रतम होती है क्योंकि वह आत्मदर्शी होती है। कवि की प्रज्ञा में इस वेदना की सं-वित् होती है। यही उसकी संवेदना कही जा सकती है। या उसकी विशिष्ट मनीषा, उसके ज्ञान की विशेषता।

इस प्रस्तुत लेख में यह एक नई बात है जो उसके पाठक को जैसे अलग से छू लेती है। लगता है यहाँ संवेदना तत्त्व-दर्शन पर हावी है। मैं समझता हूँ कि लेख की दिशा को यों रखा जा सकता है और रखते हुए शल्य जी के लिए एक प्रश्न भी रखा जा सकता है। अब अपनी बात को कुछ खोलता हूँ। शल्य जी का दर्शन मनुष्य को केन्द्र में रखता है, पर उनके यहाँ मनुष्य-तत्त्व जैसा कोई स्वयं-प्रतिष्ठ, स्वयं-सम्पूर्ण तत्त्व नहीं है। शल्य जी का दर्शन आधुनिक है, जिस अर्थ में प्रतिभा और विशेष कर विचार में प्रतिभा—सदा आधुनिक ही होती है। नव का सार्थक उन्मेष लिए होती है। ऐतिहासिकों में और आज के विशिष्ट युग-बोध का स्वरूप आँकने वालों में आधुनिक का एक सीमित, निर्धारित, परिनिष्ठित अर्थ भी होता है। इस अर्थ में 'आधुनिक' को एक दृष्टि-विशेष का पर्याय ठहराया जाता है। साथ ही एक काल-विशेष के साथ भी जोड़ा जाता है : वर्तमान काल में दृष्टि जटिल और बहु-रूप-शाली है, दो एक शब्दों में नहीं उतारी जा सकती। पर उसे एक शब्द में 'मानवतावाद' भी कहा ही जाता है। हाँ, इसका भी अभिप्राय एक शब्द में नहीं खोला जा सकता और इसमें तात्पर्य-भेद भी उभरेंगे ही। पर इतना कहा जा सकता है कि मानवतावाद मानव को सृष्टि के केन्द्र में ही नहीं रखता, ऐसा तो दूसरे युगों में और दूसरी दृष्टियों में भी हुआ है—पुराण ही इसके साक्षी हैं—मानवतावाद में नई, 'आधुनिक' बात यह है कि यहाँ मानव की मानो अपनी अन्यनिरपेक्ष स्वयं-सत्ता की ऐसी दुहाई है जो पहले नहीं थी। पहले मानव को केन्द्र में रखा भी जाता था तो इस अर्थ में कि मानव

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

में सृष्टि के सारे तत्त्व स्फुट होते हैं। इस अर्थ में नहीं कि मानव अपने-आप में एक स्वतन्त्र तत्त्व है। शल्य जी की दृष्टि मैं समझता हूँ इस पुरानी दृष्टि के अधिक निकट है। अपने पिछले चिन्तन में उन्होंने मानव को, उसकी अस्मिताबोध-विषय आत्मा को 'प्रतीक' कहा है, सृष्टि की उस प्रक्रिया का 'प्रतीक' जो किसी भी मानवतावादी अर्थ में मानव की अपनी 'मानवी' प्रक्रिया नहीं है। प्रक्रिया तात्त्विक है, मानव में प्रतिफलित होती है—उसकी आत्मचेतना में उसका स्पष्टतर बोध, स्पष्टतर इंगित पाया जा सकता है। शल्य जी के चिन्तन में यह भी उभरता है कि मानव का अपना कोई सिद्ध, प्रदत्त स्वभाव नहीं है। मानव एक संभावना है, आत्मनिर्मिति करता है। यों उसका आत्म पहले से प्रस्तुत कुछ नहीं, एक सृजन की यात्रा है। इसीमें वह अन्य जीवों से भिन्न है। उसकी आत्मचेतना और आत्मचेतना में अनिवार्यतः निहित स्वातन्त्र्य उसके सृजन को आधार देता है। पर यह सृजन उसके माध्यम से उस औपनिषद चित् का स्वच्छन्द आत्मविसर्जन है जो सत् भी है और शिव भी। आनन्द भी है। पर शल्य जी का विमर्श सत् और शिव की ओर ही अधिक झुकता है, आनन्द की ओर उतना नहीं। इसलिए पुराने आलंकारिकों से हटकर उनकी कलादृष्टि और विशेषकर साहित्य-दृष्टि रस से विलग सत् की ओर झुकी हुई है। और शिव की ओर। यह झुकाव 'काव्य-तत्त्व' में भी प्रकट है। यहाँ सत् के साथ ज्ञान भी जुड़ गया है जो पहले नहीं था। आप देखेंगे कि शल्य जी यहाँ सौन्दर्य की बात तो करते हैं पर उसे निरे आनन्द से—आस्वाद से—हटाते हैं। उसे शिव से अभिन्न करना चाहते हैं।

यहाँ लेख से अलग जा कर यह भूमिका मैंने इसलिए बाँधी है कि मुझे इस लेख में जो बात चुभ गई है उसका सम्बन्ध शल्य जी के दर्शन-निष्ठ बृहत् बोध से उतना नहीं है जितना उनकी संवेदना से है। हम पाते हैं कि उनकी संवेदना में मनुष्य और उसकी अपनी कहनी, करनी, सहनी—मनुष्य-लोक—ही अधिक व्यावृत्त है। शल्य जी की संवेदना साहित्य में ही अधिक बसी है। शल्य जी के दूसरे लेखन को भी देखें, जहाँ वे काव्य और काव्य-भिन्न कलाओं पर विमर्श करते हैं, तो भी उभरता यही है कि शल्य जी की संवेदना मूलतः साहित्य-धर्मी है। अगर उनकी संवेदना में संगीत, नृत्त जैसी स्वयंप्रतिष्ठ कलायें भी उतनी उजागर होतीं जितना कि साहित्य है, तो शायद वे रस की धारणा का वैसा निराकरण नहीं करते जैसाकि करते हैं। रस की धारणा नाट्य और साहित्य-चिन्तन से ही पनपी है, पर उसके मर्म में सात्त्विक-आस्वाद (या आनन्द), चेतना की बाहर से हटकर आत्म-विश्रान्ति—ऐसे जो गुण या लक्षण गिनाये गये हैं, वे साहित्य में उतने नहीं जितने नृत्त, संगीत में सहज ही गोचर होते हैं। साहित्य तो मनुष्य-मुखी ही रहता है, चेतना की आत्मविश्रान्ति वहाँ कहाँ? जिन्होंने मेरा पिछला लेखन थोड़ा देखा-पढ़ा होगा वे सोचेंगे कि मैं यहाँ अपना ही निराकरण कर रहा हूँ। मैंने संगीत, नृत्त में रस की धारणा का खण्डन ही किया है, मण्डन नहीं, जैसाकि यहाँ कर रहा हूँ। पर यह चर्चा और है, इसमें यहाँ नहीं जाऊँगा।

'काव्य-तत्त्व' से लगता है कि शल्य जी भी काव्य या साहित्य को प्रधानतः मनुष्यमुखी ही मानते हैं, हालांकि बात को मनुष्य तक सीमित नहीं रखते। और तभी रस की आस्वाद-धर्मी

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

धारणा को काव्य के तत्त्व-दर्शन में असमर्थ पाते हैं। साहित्य—विशेष कर महत् साहित्य, साहित्य कहला सकने वाला कालजयी साहित्य—उसके लिए आस्वाद जैसा शब्द लंगड़ा ही नहीं झूठा जान पड़ता है। उसके वैभव को, उसके दैन्य को, उसकी वेदना को, उसकी ओछी-ऊँची एषणाओं को, आदर्शन को, शिव और सत्य की खोज पुरुषार्थ की निरहं यात्राओं को, इनकी विफलताओं को, इन सबको जैसे अलग रख देता है, या गौण कर देता है। पर यही मनुष्य का मनुष्यत्व है जो साहित्य की आत्मचेतना में अनुभव का द्रष्टाभाव पाता है। रस-चिन्तन मनुष्य के इस सत्य की उपेक्षा है। यह सत्य एक विचित्र सत्य है और कवि ही इसके अन्तरंग को पकड़ सकता है। संवेदना का 'ज्ञान', उसका 'मनुष्य-ज्ञान', होने के अन्तरंग को तो पकड़ता ही है, साथ ही उसे मूर्त्त, सजीव रूप भी देता है। उसे सचमुच निर्मित, आविर्भूत कर देता है। इस बात में भी यह 'ज्ञान' दर्शन और अध्यात्म से भिन्न है :

"उपनिषद् और बुद्ध, नागार्जुन और शंकर तत्त्व को अनिर्वाच्य या अनभिलाप्य, निर्गुण और निराकार कहते हैं किन्तु काव्य और कलायें वाक्, गुणों और आकृतियों में ही अपना तत्त्व और सत्य पाती हैं। उपनिषद् और बुद्ध राग-द्वेष और मानापमान से ऊपर उठने में ही जीवन की सिद्धि देखते हैं, किन्तु काव्य और कलायें इन्हीं के अन्तस्तल में प्रवेश कर अर्थों के अपार-पारावार का साक्षात्कार करती हैं।"

तो काव्य मनुष्य जैसा है उसीमें—उसी होने में—अपनी सार्थकता पाता है। यहाँ एक प्रश्न जागता है : यहाँ दृष्टि कुछ वैसे मानवतावाद की ओर झुकती नहीं दीखती? ऐसे मानवतावाद की ओर जहाँ मानव अपने आप में एक पूर्ण, स्वयंप्रतिष्ठ सत्ता सी पाने लग जाता है? हम पाते हैं कि कवि सृष्टि की, विशेष कर मानव की, कुछ और न हो पाने की—जो उसे होना चाहिये वह न हो पाने की—अन्तर्व्यथा को ही भीतर से नहीं जानता, मानव जो है, जैसा है उसकी अन्तःसमृद्धि भी कवि के ज्ञान में दिखती है। ऊपर जो वाक्य मैंने उद्धृत किये हैं उसी प्रसंग में शल्य जी आगे कहते हैं : "यह सही है कि दर्शन और धर्म जीवन को जीने की ही नीति बताते हैं, किन्तु उनका ऋजु पथ जिस वर्जित बीहड़ के बीच से होकर जाता है उसके फूलों और काँटों, हरियाली और धूल और पंक का अपना कुछ सौन्दर्य, अपना कुछ सत्य भी है यह कवि और कलाकार ही देख पाता है।"

यहाँ मनुष्य के उपलब्ध जीवन में, उसके दुःख-सुख में, शल्य जी ने सत्य और सौन्दर्य की बात की है। सौन्दर्य की बात हो तो रस की बात भी हो सकती है। रस को सौन्दर्य के भाव-पक्ष के रूप में देखा जा सकता है। हम कह सकते हैं कि रस वह आनन्द है जो सुन्दर की अनुभूति से चेतना में जागता है। रस और सुन्दर अयुतसिद्ध, अविनाभूत, परस्पर-नेय होते हैं। रस को हम आनन्द न भी कहें—अगर उसमें निरे आस्वाद की ध्वनि आती हो, भोग मात्र की ध्वनि—तो भी यह तो मानना ही चाहिये कि सुन्दर हमें सार्थक भी दिखता है। कुछ और सार्थक हो न हो सुन्दर तो सार्थक प्रतीत होता ही है। सत्य का बोध भी उसके गर्भ में होता है। शल्य जी ने ओस की बूँद में ऋत का संकेत देखा ही

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

है। तभी शल्य जी ने सत्य-शिव-सुन्दर को एकात्म कहा है। ऋत का छन्द अशिव कैसे होगा? फिर यह भी है : सुन्दर के रस-बोध में एक निरहं, द्रष्टा-भाव भी होता है—यह उसे भोगमात्र से कहीं अधिक चेतना के अतल में उतार देता है। रस का विषय भोग्य ही नहीं भजनीय हो जाता है।

जो बात मैंने यहाँ उठाई है अगर उसमें कुछ बात है तो क्या हम यह नहीं कह सकते कि साहित्य मनुष्य को उसकी दैनन्दिन मनुष्यता से ही बाँध कर रख देता है? उसे ही सार्थक, अपने आप में साध्य—पुरुषार्थ—कर देता है? शल्य जी ने लेख में ही जो एक और बात कही है, उससे क्या यहाँ टकराव नहीं खड़ा होता? उन्होंने मनुष्य को कवि की तरह स्वयंभू कहा है। लेख के तीसरे पृष्ठ पर एक लम्बा सा पैराग्राफ है—जो मैं समझता हूँ लेख की जान भी है—वहाँ शल्य जी कहते हैं... "मनुष्य अत्यन्त जटिल वस्तु है। इसका मूल धर्म ही यह है कि इसका कोई स्थिर धर्म नहीं है, क्योंकि यह स्वयंभू है। यह न उस देश में रहता है जिस देश में यह होता है और न उस काल में जिस काल में यह होता है। अतीत या भविष्यत्, या संश्लिष्ट रूप में दोनों, इसका वर्तमान होते हैं, यह स्वतंत्र शक्ति-सम्पन्न है... ।" मनुष्य स्वंयभू और स्वतन्त्र इस अर्थ में है कि वह अर्थ-संधानी है—पुरुषार्थ की साधना में रत—वह सार्थक-भाव से 'हो' सकता है पर 'है' नहीं। वह अपने ऋतमय यथातथ की खोज में व्याकुल रहता है, उसमें स्थित नहीं। ईश्वर या कवि ही उसे अपने यथातथ ऋत का समर्थ संकेत दे सकता है।

क्या यहाँ यह ध्वनि नहीं जागती कि शल्य जी के लिए साहित्य जैसे द्विस्वभाव है? उसका एक स्वभाव वह है जो मनुष्य की पीड़ा को जानते-देखते हुए भी—और इसी कारण बड़ी सक्षम संवेदना के साथ—उसे यथातथ के ऋत की भूमि की ओर बढ़ाता है, पर दूसरा स्वभाव यह है कि साहित्य मनुष्य की रहनी-सहनी को ही, उसके यथास्थित 'होने' को ही जैसे एक याथातथ्य सा दे देता है? और थोड़ा डूबकर देखिये तो साहित्य की संवेदना मनुष्य की यथास्थिति को याथातथ्य ही नहीं देती, उसके प्रति एक लगाव भी देती है। उसका सहृदय-भाव मनुष्य को सत्य ही नहीं देता उस सत्य को हृदय में उतार देता है, हृदय को उससे बाँध देता है। उसके पुरुषार्थ को परिधि दे देता है। व्यवहार को ही अर्थमण्डित कर देता है। काम और धर्म, यही पुरुषार्थ रह जाते हैं। धर्म, अध्यात्म, दर्शन, शंकर, बुद्ध, इनका अभिप्रेत परमार्थ, मोक्ष और उसकी साधना नीरस और यो निरर्थक सी ठहरती है। यों साहित्य माया की मोहिनी का रूप लेता भी दिखता है। हम कह सकते हैं कि साहित्य द्विस्वभाव ही नहीं बहु-स्वभाव है—वैसा ही जैसी मनुष्य की जटिल, बहुमुखी, जाने-अनजाने क्षितिजों की ओर झाँकती-बढ़ती आत्मचेतना। फिर भी प्रवृत्ति और निवृत्ति, ये मौलिक भेद तो आत्मचेतना में किये जा ही सकते हैं। शल्य जी के लिए तो ये सृष्टि का आधार ही हैं। उनके लिए सृष्टि अर्थ-सृष्टि है जिसमें प्रवृत्ति-निवृत्ति दोनों गुँथे हुए हैं। पर यहाँ लगता है कि उनकी साहित्य-चेतना दोनों में एक विरोध जगा रही है।

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

क्या शल्य जी को ऐसा कोई द्विस्वभाव अभिप्रेत है जिसकी ध्वनि सी उनके लेख में उभरती है? मैं नहीं समझता कि ऐसा कोई परस्पर भिन्न द्विस्वभाव उन्हें इष्ट होगा। फिर भी प्रश्न रखता हूँ कि बात और स्पष्ट करें। प्रश्न इसलिए भी कौंध सा उठता है क्योंकि शल्य जी के चिन्तन में अन्यत्र साहित्य और कला को ज्ञान की कोटि में नहीं रखा गया है। साहित्य और कला की कृतियों को भाव-प्रत्यय कहते हुए उन्होंने इन्हें सत्य तो कहा है, पर उनके लिए ये ज्ञातृत्व के प्रत्यय नहीं हैं, ज्ञान के अन्तर्गत नहीं आते।

एक प्रश्न और मेरे मन में जागता है, उसे भी सामने रखता हूँ। सत्य और ज्ञान की बात को एक बार अलग भी रख दें तो हम देखते हैं कि शल्य जी शिव और सुन्दर के एकात्म होने की बात प्रखर-भाव से उठाते हैं—शिव और सुन्दर के अभेद को 'सुन्दर-शिव', 'शिव-सुन्दर' जैसे पदों में गूँथ कर, बड़े जागरूक भाव से दोनों को 'एक' बताते हैं। लेख में उनकी ऋत की धारणा और ऋतमय व्यवस्था की धारणा भी इसी बात की द्योतक है।

साहित्य के बारे में हम कह सकते हैं कि साहित्य शिवत्व की धरती पर ही खड़ा होता है। साहित्य का विषय मनुष्य होता है और मनुष्य का जीवन शिवत्व की धारणा को ऊह्य रखकर ही प्रेरित होता है। रुद्र, भयानक, वीभत्स, करुण, और हास्य विशेष भी, जहाँ अशिव का बोध तीखा होता है, वहाँ भी परिप्रेक्ष्य में कोई शिव होता है। जैसा शल्य जी ने कहा है, यह शिव कोई प्रथागत 'नैतिकता' या शील-आचरण की परंपरा या नियत समयाचार नहीं होता। यह शिव की एक गहरी चेतना या प्रज्ञा होती है जो रूप लेती है, परस्पर-भिन्न, विरोधी रूप भी ले सकती है, पर मनुष्य की व्यवहार-चेतना जिससे रीती नहीं होती। कुछ संवेदनशील विचारकों और साहित्यिकों का अनुसरण करते हुए हम यह भी कह सकते हैं कि शिवत्व-बोध की जिस अरूप लौ की हम बात कर रहे हैं वह साहित्य में—महत् साहित्य में—ही सबसे अधिक उजागर रहती है। साहित्य में सुन्दर भी उतना ही उजागर रहता है और यों साहित्य में शिव-सुन्दर का एकात्म-भाव देखा जा सकता है।

पर दूसरी कलाओं में? और प्रकृति के प्रति सौन्दर्य-बोध में? शल्य जी ने ओस की बूँद का उदाहरण लिया है, उसके बनने की, ढलने की गति—बल्कि छन्द कहना चाहिये—उसके पीछे एक ऋत की पहचान देखी है। पर आकाश को देखिये, वह शून्य का भी संकेत दे सकता है, विशुद्ध भव्य भूमा का; स्थिर, स्थाणु, सब कुछ से असम्पृक्त का। वहाँ शिव की बात कैसी?

फिर संगीत और नृत्त जैसी कलाओं को लीजिये। सम्बन्ध इनका भी मनुष्य की चेतना से होता है, उसके सौन्दर्य-बोध से—चेतना के दूसरे पक्षों से भी हो सकता है। अच्छे संगीत की गति में एक शांति होती है, चेतना की निरहं आत्मविश्रान्ति, एक सहज ताटस्थ्य-भाव। पर संगीत निरे उद्दीपन का भी माध्यम हो सकता है, भाव को इन्द्रिय से हटाने की जगह उसी की ओर आवेग के साथ धकेल सकता है। पर जो भी हो, संगीत का बोध मनुष्य 'का' होता है, मनुष्य के 'बारे में' नहीं होता। वहाँ शिवत्व की बात ही जैसे उठती नहीं दीखती। यही बात नृत्त—निरभिनय नृत्य—के बारे में भी कही जा सकती

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

है। यह भी सोचिये कि नृत्त के विषय में एक बोध हमारे यहाँ पुराना है, और यहाँ स्मरणीय है : नृत्त के उद्भावक भगवान शिव हैं, और उनके नृत्त का सम्बन्ध प्रलय से है, जहाँ प्रवृत्ति मात्र को वे अपने निराकार में समाहित कर लेते हैं। इस दृष्टि से नृत्त का सम्बन्ध निवृत्ति से बैठता लगता है—उसका शिवत्व से सम्बन्ध कैसा? वह शिव के धवल अट्टहास की तरह है—उपेक्षा, उनमनी निवृत्ति में बसा हुआ।

कहा आया हूँ कि शल्य जी का यह लेख उनके साहित्य-कला विचार में—विशेष कर साहित्य-विचार में, एक नया मोड़ है। एक बात का 'अथ' है, जमाव-विस्तार नहीं। विचारों के सूत्र खुलते दिखते हैं, पूरी बुनावट नहीं। सूत्रों में दिशा-भेद उभरे, तनाव दिखे, यह स्वाभाविक है। प्रतीक्षा रहेगी कि संवेदना और विचार आगे कैसे बढ़ते हैं।

सरला कल्ला

'काव्य-तत्त्व' शीर्षक से लिखे गये लेख में शल्य जी के काव्य विषयक विचार उनके सत् या यथार्थ विषयक विचारों के संदर्भ में प्रस्तुत हुए हैं। फिर भी मुझे लगता है कि इन दोनों में से एक पर सहमत होते हुए भी दूसरे से असहमत हुआ जा सकता है। अब यदि मूल प्रस्थापनाओं पर ही असहमति दिखाई दे तो संवाद में आरम्भ से ही उलझनें आयेंगी। दूसरे, वहाँ से बात शुरू करने का अर्थ होगा एक वैकल्पिक विचार-योजना को समग्रता में प्रस्तुत करना। वैसी सामर्थ्य मेरी नहीं है। किन्तु शल्य जी के विचार के कुछ पक्षों की ओर इंगित कर सकती हूँ जो मुझे समस्या-प्रद लगे हैं। कला के स्वरूप पर शल्य जी ने पहले भी विस्तार से अनेक लेखों में विचार किया है। प्रस्तुत लेख कहीं पर उनसे हटता दिखाई देता है। इस परिवर्तन का ठीक ठीक निर्देश किस तरफ है यह इतना स्पष्ट नहीं है। उनके लेख के सार को संक्षेप में कहते हुए कुछ जिज्ञासाएँ आपके सामने रखती हूँ।

शल्य जी के अनुसार, किसी मनुष्य का या वस्तु का सत् उसकी 'तथता', उसका 'होना' मात्र नहीं है जो कि उसका बाह्य पक्ष भर है। इनका एक आंतर पक्ष भी होता है जिसे इनका विषयिता पक्ष कहते हैं, जिसे देख पाना ही वस्तु के याथार्थ्य को देख पाना है, उसके सत्य को, सौन्दर्य को, शिवत्व को देख पाना है। अन्तश्चक्षु से ज्ञात यह यथार्थ इसे आविर्भाव करने जैसा है और कवि यही करता है। इसीलिए वह मनीषी है और इस रूप में उसके कर्म का सत्त्व ईश्वर के सृजन जैसा है।

वस्तु का मर्म देख पाना सहज नहीं है, मनुष्य का तो और भी कठिन है। इसे देखने व उपयुक्त ऋत में व्यवस्थित करने का काम कवि की प्रतिभा ही कर सकती है। कवि मानो जड़, चेतन सबका आत्मकथाकार है, उनके अन्तर्मन में पैठने वाला, उनसे अन्तरंग होता हुआ, उनकी विषयिता के नये रूप को उद्घाटित करता हुआ उसे वाणी देता है। इस लोक में इसी जीवन के सुख-दुःख कवि की दृष्टि से सार्थक बन जाते हैं। कवि अपने कर्म के निर्वाह में अनिवार्यतः शिव से शासित होता है। शल्य जी मानते हैं कि कला अपनी चरमता में शिवत्व का, नैतिकता का स्थगन नहीं कर सकती, जो लोग 'कला कला

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

के लिए' या कला की नैतिकता से निरपेक्षता का विचार रखते हैं शल्यजी उनसे मूलभूत विरोध रखते हैं।

दूसरी ओर काव्य के रस-विषयक सिद्धान्त के प्रति भी उनकी गहरी आपत्ति है। वे मानते हैं कि रस-सिद्धान्त कला को आस्वाद्य रूप में देखता है जो कि अनुपयुक्त है। शल्य जी मानते हैं कि महान काव्य या उपन्यास अधिकांश में महान विचार से ही महान होते हैं। रस-सिद्धान्त काव्य के भावना पक्ष का ही आकलन करने के कारण दोषपूर्ण है। काव्य व अन्य कलाओं में भाव एक महत्त्वपूर्ण घटक है किन्तु उसे आधारभूत या व्यावर्तक नहीं कहा जा सकता। वे मानते हैं कि कलाओं में यह केवल संगीत में आधारभूत होता है। काव्य आस्वाद्य रूप न होकर सत् और शिव को उद्‌घाटित करने वाली दृष्टि का परिचायक होता है। दृष्टि की सम्यक्ता के अनूरूप ही काव्य महान होता है। दृष्टि की सम्यक्ता आचरण में भी प्रतिफलित हो यह ज़रूरी नहीं है। इस विरोध की व्याख्या क्या हो इस प्रश्न को अनुत्तरित छोड़ते हुए लेख समाप्त होता है।

यह स्पष्ट है कि काव्य के तत्त्व के रूप में लेख में जो भी कहा गया है वह 'कथ्य' से ही सम्बन्धित है, उस कथ्य का 'रूप' कैसा हो जो उसे काव्य की संज्ञा दे सके इस पर कुछ नहीं कहा गया है। बहुधा चर्चा में यह प्रश्न अवांतर होता है कि लेखक ने जो नहीं कहा, क्यों नहीं कहा, किन्तु ऐसे किसी संदर्भ में ऐसा प्रश्न वास्तव ही में उठाया जा सकता है जहाँ विचारणीय विषयवस्तु के कुछ आयाम गहन रूप से जुड़े हों, एक-दूसरे में अन्तर्ग्रथित हों। काव्य के सन्दर्भ में 'कथ्य' व 'रूप' अवियोज्य लगते हैं। काव्यतत्त्व पर लिखे गए लेख में काव्य के रूप पक्ष का उल्लेख भी नहीं हो यह खटकता है।

एक बात जो इस लेख में है और जो कला-विषयक उनके पूर्व के लेखों में नहीं है वह है कला के अन्तरंग पक्ष के रूप में सौन्दर्य की अवधारणा की स्वीकृति। अपनी बहुचर्चित पुस्तक **मूल्यतत्त्व-मीमांसा** में कला का अन्वेष्य विषय पर लिखे गए अध्याय में वे स्पष्ट करते हैं कि *कला का अन्वेष्य सत्य है, सौन्दर्य नहीं*। आगे वे यह भी कहते हैं कि *जहाँ अन्वेष्य सौन्दर्य हो वह शिल्प है, कला नहीं है।* इस लेख में शल्य जी की स्थापनाएँ उस याथार्थ्य को जो कवि का अन्वेष्य है सत्, शिव और सुन्दर की त्रयी के रूप में मानते हुए ही विकसित हुई हैं (यदि वे पूर्व में भी ऐसा ही मान रहे होते तो यह नहीं कहते कि कला का अन्वेष्य सत्य है और सौन्दर्य नहीं है। वे अपनी बात यों रख सकते थे कि सत्य सौन्दर्य से युक्त होता हुआ कला का अन्वेष्य बनता है।) वैसे काव्य का सौन्दर्य से सम्बन्ध क्या है इसका ठीक निरूपण कितना ही समस्यात्मक क्यों न हो, इनमें कोई गहरा सम्बन्ध है, यह सहज ही लगता है। सौन्दर्य उस दृष्टि में भी होता है जिससे कवि वह देख पाता है जो साधारण जन नहीं देख पाता और सौन्दर्य उसे व्यक्त करने के रूप का भी होता है। कभी कभी तो यह इतना प्रबल होता है कि वह कथ्य के साधारण होने पर भी उसे असाधारण बना देता है। कवि ने विषयिता के किस पक्ष को उन्मीलित किया और कैसे किया ये दोनों ही उसे श्रेष्ठ काव्य बनाते हैं। कई विचारक

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

ऐसे होंगे जो सौन्दर्य का सम्बन्ध रूप से अधिक मानेंगे, कथ्य से कम। शल्य जी चाहें तो इससे उलट भी मान सकते हैं। किन्तु इसमें मुझे सन्देह ही है। हम यहाँ सौन्दर्य की जिस तरह से बात कर रहे हैं शल्य जी को वह अभिप्रेत नहीं लगता। वे सम्भवतः सौन्दर्य का अर्थ 'नैतिक सौन्दर्य' के रूप में ले रहे हैं। यों सौन्दर्य का एक यह भाव भी होता ही है और निश्चित रूप से वह किसी भी नैतिक रूप से सजग व्यक्ति को आकर्षित करता है। किन्तु सौन्दर्य का इससे भिन्न एक आयाम है जो नैतिक बोध से भिन्न स्वतंत्र बोध है। मुझे लगता है कि ऐसा अनायास ही नहीं है कि शल्य जी काव्य के 'रूप' पर कुछ नहीं कहते। यदि वे सौन्दर्य का अर्थ नैतिक सौन्दर्य ही लेते हैं तो उसका सम्बन्ध कथ्य से ही हो सकता है, रूप से तनिक भी नहीं।

क्या शल्य जी अभी भी वहाँ हैं जहाँ पहले थे? सौन्दर्य और रस के प्रत्यय जो कला से अविच्छिन्न रूप से जुड़े हुए हैं उन्हें परे हटाकर कला का विवेचन करते हुए? पर जैसाकि मैंने ऊपर कहा, यहाँ से बात आरम्भ करने का अर्थ होगा मूल प्रस्थान-बिन्दुओं पर असहमत होते हुए एक वैकल्पिक विचार-योजना प्रस्तुत करना। रस-सिद्धान्त की अयुक्तता दिखाते हुए वे कहते हैं कि काव्य व अन्य कलाओं में भाव एक महत्त्वपूर्ण घटक तो है किन्तु आधारभूत या व्यावर्तक नहीं है। अब यदि भावना काव्य का व्यावर्तक लक्षण नहीं है तो विचार भी नहीं है। जहाँ तक भावना के आधारभूत होने की बात है तो शल्य जी जो स्वयं **मूल्यतत्त्व-मीमांसा** के 'कला का अन्वेष्य' अध्यायों में भावित सत्य को कला का अन्वेष्य मानते रहे हैं, उसे 'वैचारिक सत्य' से अलग करते हुए वे भावना को आधारभूत घटक के रूप में कैसे अस्वीकार करेंगे? वैसे इस लेख में वे कहते हैं कि भावना संगीत में ही आधारभूत होती है। चलिए, उन्होंने संगीत को अन्य कलाओं से पृथक् किया, अन्यथा वे कलाओं को एक सूत्र में पिरोते रहे हैं। वहाँ भावना का स्थान उन्हें साहित्य में और चित्रकला में भी सहज ही जान पड़ा था, संगीत में भी ऐसा ही था। भावित सत्य का ही प्रकटन कलाओं में होता है वे ऐसा कहते रहे हैं। अब यदि मैं उनके पूर्व के लेख का उल्लेख कर रही हूँ तो इसीलिए कि वे स्वयं ऐसा मानते हैं कि उनका कोई एक लेख अक्सर उनके चिन्तन की समग्रता में ही समझा जा सकता है। वैसे पाठक के लिए ऐसा कर पाना किसी भी लेखक के संदर्भ में बहुत मुश्किल होता है, शल्य जी के संदर्भ में तो असंभव सा है। इसलिए हमेशा की तरह उनकी बात अंशतः ही समझ सकी हूँ, पूर्णतः नहीं। इस पर उनसे स्पष्टीकरण की आशा में बात समाप्त करती हूँ।

यशदेव शल्य

मुकुन्द जी ने अपनी टिप्पणी में पहले मेरे लेख के प्रतिपादन की मेरे मूल दार्शनिक चिन्तन के परिप्रेक्ष्य में बहुत ही सुन्दर व्याख्या की है जो वे ही कर सकते थे और अनन्तर इस परिप्रेक्ष्य में इस लेख को रखते हुए कुछ महत्त्वपूर्ण प्रश्न उठाये हैं। व्याख्या में व्याख्याकार की अपनी सूझ-बूझ भी थोड़ी-बहुत जुड़ जाती है, वह इस व्याख्या में भी हुआ है, किन्तु वह अधिकांश में मेरे विचार के उपकारी के रूप में ही हुआ है। उनका पहला

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

प्रश्न मेरे सम्पूर्ण चिन्तन के सन्दर्भ में इस लेख के प्रतिपाद्य को लेकर ही है। उनके अनुसार इस लेख में मैंने मानव-हृदय की बात ऐसे की है मानो वह वैसा ही परमार्थ सत् हो जैसा दर्शन का विचार्य परमार्थ सत् होता है। वे कहते हैं, "यहाँ एक प्रश्न जागता है : क्या यहाँ दृष्टि कुछ वैसे मानवतावाद की ओर झुकती नहीं दीखती? ऐसे मानवतावाद की ओर जहाँ मानव अपने-आप में एक पूर्ण, स्वयंप्रतिष्ठ सत्ता-सी पाने लगता है?" नहीं, मनुष्य को मैं स्वयंप्रतिष्ठ नहीं मानता हूँ। यह मैंने **सत्ताविषयक अन्वीक्षा** पुस्तक में स्पष्ट रूप से कहा है (द्रष्टव्य पृ. 173)। यों यह मुकुंद जी ने स्वयं भी कहा है। यहाँ भी मनुष्य को जिस रूप में देखा गया है—दुःख, अभाव, क्लेश से पीड़ित—ऐसा मनुष्य स्वयंप्रतिष्ठ कैसे हो सकता है? किन्तु इसी पीड़ा और क्लेश का, अपने अस्तित्व में ही निहित अपने अभाव का अपना भी कोई अर्थ-संभार हो सकता है, यह काव्य ही दिखा सकता है, दर्शन या ज्ञान की कोई दूसरी विधा नहीं, यह मैंने कहा है। दर्शन दुःख की बात कर सकता है—**साँख्यकारिका** त्रिविध दुःख की और उसकी आत्यन्तिक निवृत्ति की बात करती है और बुद्ध दुःख-समुदय और उसके कारण की बात करते हैं। किन्तु भोगे गए दुःख की आत्मकथा वे नहीं कहते। काव्य इसी की कथा कहता है। इसका यह अर्थ नहीं है कि यह भोगा गया दुःख कोई स्वयंप्रतिष्ठ सत् है, या स्वयं में मूल्य भी है, मैंने अपने चिद्‌विषयक विवेचन में इसे चिद्‌गत असत् का द्योतक ही कहा है, किन्तु इस असत् की अपनी माया का पसारा कैसा है उसका प्रत्यक्ष, उसकी अर्थ-रचना, उसका अर्थावगाहन उसका अपना मूल्य है। यह मूल्य क्या है? वास्तव में *सब अर्थ और उनके मूल्य चेतना में उसके देखने से ही आविर्भूत होते हैं।* व्याध द्वारा चकवी का वध होने पर चकवा दुःखी हुआ ही होगा। पशु-पक्षियों में कभी-कभी यह दुःख इतना असह्य होता है कि इस से वे मर तक जाते हैं। किन्तु इस दुःख में अर्थलोक का आविर्भाव तभी होता है जब चेतना उस *होने को देख* पाती है : जब कालिदास अज में पैठकर दमयन्ती के विरह के उत्ताप को *देखते* हैं। **गीता** जब कहती है "सुख-दुःखे समे कृत्वा, लाभालाभौ जयाजयौ" तो वह ठीक ही कहती है, किन्तु इस सुख-दुःख में भी अर्थों का एक पारावार अन्तर्गर्भ हो सकता है, यह कालिदासों की दृष्टियाँ ही देख पाती हैं। अर्थों का यह उन्मेष मानो ब्राह्म चैतन्य में गुहागत सत् और आनन्द के ईश्वर के माध्यम से जगद्-रचना द्वारा सत्यापन के अनुरूप होता है। दर्शन इस ईश्वरीय सत्यापन पर विमर्श के मार्ग से उसके गुहागत मूल का साक्षात्कार करने का प्रयत्न करता है और कवि ईश्वर के अनुरूप चित्त-गुहागत सदसत् : असद्-व्यवहित सत् : और दुःख के सत्यापन का प्रयत्न करता है। अब, स्वयंप्रतिष्ठ तो ईश्वर भी नहीं है, उसे भी माया का आश्रय लेना पड़ता है, मनुष्य की तो फिर बिसात ही क्या है, जो स्वयं ईश्वर में प्रतिष्ठित है और आत्मविस्मृत होने से आनन्दमय के बजाय दुःखमय है।[1] वह स्वरूपतः आत्म-वियुक्त, अपने आनन्द-गेह से प्रवासित, आत्मविरही है, अपने अस्तित्व में आगन्तुक

1. यहाँ वैदान्तिक 'ब्राह्म चैतन्य' और 'ईश्वर' पदों का प्रयोग उत्प्रेक्षा रूप में ही किया गया है, वेदांत के अनुरूप नहीं किया गया है।

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

अलग है, तब वह स्वयंप्रतिष्ठ कैसे होगा? यों यह कथा जीवमात्र की ही है, किन्तु मनुष्य की मुसीबत यह है कि उसे इस आत्म-प्रवास या आत्म-वियोग का किंचित् आभास भी रहता है। इसे समझने के लिए ब्रह्म और जगद्विवर्त की औपनिषद कल्पना का सहारा लेना उपयोगी होगा। उसके अनुसार मोक्ष परम पुरुषार्थ है, श्वेतकेतु का स्वरूप ब्रह्म है, श्वेतकेतु-रूप मिथ्या है। किन्तु कल्पना करें कि यदि जगत् होता ही नहीं तो क्या होता? हम कहेंगे कि तब ब्रह्म आत्म-अचरितार्थ रहता। ब्रह्म के अपने अर्थ-वैभव के होने के लिए जगन्माया का होना आवश्यक है। 'एक' ने 'बहु' होने की 'इच्छा' इसीलिए की। यह नहीं होता तो मोक्ष-पुरुषार्थ भी नहीं होता। सो, इस अर्थ-वैभव के आविर्भाव के लिए ब्रह्म में आत्म-व्यवधान का उत्पन्न होना, उसका अपने आनन्द-गेह से आत्म-प्रवास आवश्यक है।

मुकुंद जी का दूसरा प्रश्न है, "क्या हम यह नहीं कह सकते कि साहित्य मनुष्य को उसकी दैनंदिन मनुष्यता से ही बाँध कर रख देता है? उसे ही सार्थक, अपने आपमें साध्य-पुरुषार्थ कर देता है?" यह प्रश्न मुकुंद जी ने मेरे इस प्रतिपादन के सन्दर्भ में उठाया है कि "मनुष्य का मूल धर्म ही यह है कि इसका कोई स्थिर धर्म नहीं है।" नहीं, ऐसा मेरे किसी प्रतिपादन से आपादित नहीं होता। कवि (कहानीकार, उपन्यासकार सहित) कभी यथाभूत, यथास्थित को प्रस्तुत नहीं करता, वह यथाभाव्य, यथाएष्य को ही प्रस्तुत करता है। यदि उसकी रचना में ऐसा अभिधेय रूप से प्रस्तुत नहीं हो तो व्यंग्य रूप में प्रस्तुत होता है। यदि मुकुंद जी का आशय यहाँ यह है कि मेरे अनुसार काव्य का विषय सामान्यतः मनुष्य का लोक-जीवन, दैनंदिन का व्यवहार, ही होता है तो यह अधिकांशतः सही है, मैंने यही कहा है, किन्तु काव्य की साधना इस लोक के मर्म का अवगाहन कर उसमें निहित अर्थों के मणि-माणिक्यों को प्रकाश में लाने में है। ईश्वर इस व्यवहार-लोक की ही सृष्टि करता है, इससे वह छोटा नहीं होता, ऐसे ही कवि छोटा नहीं होता।

मुकुंद जी आगे कहते हैं, "सौन्दर्य की बात हो तो रस की बात भी हो सकती है। रस को सौन्दर्य के भाव-पक्ष के रूप में देखा जा सकता है।" मैं यह स्वीकार करता हूँ। लेख में रस-सिद्धान्त का अस्वीकार मैंने काव्य को इससे परिभाषित करने के अर्थ में (वाक्यं रसात्मकं काव्यम्) और रस को मनोवैज्ञानिक रूप में लेने के कारण किया है। अभिनवगुप्त की स्वयं की जो दृष्टि है उस अर्थ में नहीं, यद्यपि उसमें भी उनकी 'संवित् विश्रान्ति' आदि प्रत्यभिज्ञा दर्शन की पदावली मुझे उपयुक्त नहीं लगती।

आगे मुकुंद जी ने प्रश्न उठाया है, "...साहित्य में शिव-सुन्दर का एकात्म-भाव देखा जा सकता है, पर दूसरी कलाओं में? और प्रकृति के प्रति सौन्दर्य बोध में?" साहित्य के समान ही दूसरी कलाओं में भी शिवत्व का भाव, और सौन्दर्य का भाव भी, वास्तव में भाव के गुण रूप में रहता है। उदाहरणतः कबीर या तुलसी के भजन आप पॉप संगीत-रचना में, या गुरु ग्रंथ साहिब के पद दिलेर मेहंदी के संगीत में नहीं गा सकते, गाएंगे तो विसंगति होगी। या, यदि इन संगीतों में गाना चाहें ही तो इन संगीत-रचनाओं को अपने को दूसरी ओर बहुत अधिक झुकाना होगा। इस पर आपत्ति हो सकती है कि "तब पॉप या दिलेर

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

मेहंदी के संगीत में भी, उनके संगीत होने से, शिवत्व होना चाहिए।" इसका उत्तर है कि शिवत्व की अपेक्षा होती है, जिसकी पूर्त्ति हो यह आवश्यक नहीं होता।

सरला जी ने पहले मेरे लेख का सारांश प्रस्तुत किया है और उसके बाद उसके सम्बन्ध में प्रश्न उठाये हैं। सारांश साधारणतः ठीक ही है। उनका पहला प्रश्न लेख के अन्तरंग से सम्बन्धित नहीं है, वह बाहर से उठाया गया है। इसलिए इसे प्रश्न नहीं कहकर आपत्ति ही कहना चाहिए। आपत्ति है कि मैंने काव्य के निरूप्य पद पर ही विचार कियां है, उसके निरूपण पक्ष पर, रूप-पक्ष पर, कुछ विचार नहीं किया है। अर्थात् कविता को कहानी से, कहानी को उपन्यास से उनके कौन से रचनात्मक वैशिष्ट्य पृथक् करते हैं? कौन सा रचनात्मक वैशिष्ट्य इन तीनों को साहित्य रूप में परिभाषित करता है और इन्हें संगीत कला और चित्रकला आदि से पृथक् करता है, इस पर विचार नहीं किया है। इसका उत्तर यह होगा कि यह विचार कलाशास्त्र के अन्तर्गत आता है, काव्य-विषयक दार्शनिक चिन्तन के अन्तर्गत नहीं आता। दूसरे, एक लेख अधिकांशतः एक पक्ष विशेष को लेकर ही चलता है, और ऐसा ही वह कर सकता है, विषय के सभी पक्षों पर विचार एक पुस्तक में होता है, यद्यपि वहाँ भी ऐसा हो यह आवश्यक नहीं होता। उदाहरणतः साहित्यशास्त्र की पुस्तक में साहित्य के अन्य कलाओं से भेदाभेद पर और दर्शन तथा राजनीति शास्त्र से भेद पर विचार हो, यह आवश्यक नहीं है।

सरला जी ने दूसरा प्रश्न साहित्य की सौन्दर्यपरकता के सम्बन्ध में उठाया है। उनकी आपत्ति है कि मैंने **मूल्यतत्त्व-मीमांसा** पुस्तक के कला विषयक अध्यायों में कला का अन्वेष्य सौन्दर्य के विपरीत सत्य को कहा था। उनकी यह आपत्ति सही है। इसका उत्तर देने के लिए कुछ विस्तृत विचार की आवश्यकता थी इसलिए मैंने इस पर पृथक् लेख में ही विचार किया है, जो इस अंक में संकलित है।

सरला जी ने काव्य में सौन्दर्य की बात करते हुए उसके रूप-पक्ष और वस्तु-पक्ष (जिसे उन्होंने कथ्य कहा है) दोनों के सौन्दर्य की बात की है और दोनों पक्षों को काव्य के उत्कर्ष का विधायक कहा है। इसके सम्बन्ध में मैंने 'साहित्य का स्वरूप' लेख में कुछ विचार किया है।[2] यहाँ मुझे इतना ही कहना है कि वैदग्ध्य (साहित्य का रूप-पक्ष) किसी कृति को तभी महान बनाता है यदि वह महत् वस्तु का व्यंजक हो, वह स्वयं में परिसमाप्त होकर, या कहें स्वयं-पर्याप्त बनकर कृति को महत् नहीं बनाता। उस लेख में मैंने 'आलम और सुजान के दोहे—कनक छरी सी कामिनी, काहे को कटि छीन। कटि को कंचन काटि विधि, कुचन मध्य धरि दीन' का एक ओर और मीरा के पदों का दूसरी ओर उदाहरण

---

2. द्रष्टव्य भारत भवन, भोपाल की पत्रिका **पूर्वग्रह** का अंक सं. 104, तथा यशदेव शल्य **संस्कृति : मानव-कर्तृत्व की व्याख्या**, द्वितीय संस्करण, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 1997, पृ. 123-28

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

लिया है। अब, मीरा के पदों में रूप-पक्ष प्रायः अनगढ़ ही है, किन्तु उसकी वस्तु शिवत्व और सत्य से महिम सौन्दर्य में अत्यन्त उच्च कोटि की है। इसके विपरीत कालिदास या तुलसीदास, रवीन्द्र या अज्ञेय में रूप वस्तु की समृद्धि का समृद्ध व्यंजक है। किन्तु उस 'रूप' को 'सुन्दर' कहने का कोई विशेष अर्थ नहीं है, उसे व्यंजकता में प्रकृष्ट कहना ही उपयुक्त प्रतीत होता है।

आगे सरला जी ने आपत्ति की है कि मैंने इस लेख में कला में भाव को व्यावर्त्तक नहीं माना है जबकि 'कला का अन्वेष्य' अध्यायों में भावित सत्य को ही कला का अन्वेष्य माना है। किन्तु यह सही नहीं है, मैंने वहाँ भी वास्तव में 'विषयिता प्रत्यय के अवगाहन' को ही कला का अन्वेष्य कहा है और इस लेख में भी यही कहा है, वहाँ 'भावना का आत्म-निरूपण' पद इसी अर्थ में प्रयुक्त है। तब भी, यह कहा जा सकता है कि उन अध्यायों में मेरा ध्यान विचार-पक्ष की ओर नहीं गया। किन्तु ऊपर उल्लिखित 'साहित्य का स्वरूप' लेख में मैंने विचार की बात इसी प्रकार की है जिस प्रकार इस लेख में की है। और फिर इस लेख में भी भावना को एक अनिवार्य घटक स्वीकार किया ही है।

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

उन्मीलन-गोष्ठी 2

विषय : उन्मीलन के जनवरी, 1999 अंक में प्रकाशित डॉ. मुकुंद लाठ का 'धर्म और नीति' शीर्षक लेख।

यह गोष्ठी 12 फरवरी, 2000 को प्रोफेसर दयाकृष्ण के घर पर हुई। इसमें चर्चा का विषय डॉ॰ मुकुन्द लाठ का लेख 'धर्म और नीति' था। गोष्ठी में मेरे अतिरिक्त प्रोफेसर दयाकृष्ण, डॉ॰ मुकुन्द लाठ, डॉ. के. एल. शर्मा, श्री यशदेव शल्य, डॉ॰ योगेश गुप्ता, डॉ॰ अंजु ढड्ढा तथा श्री पंकज बासोतिया ने भाग लिया। चर्चा का आरम्भ लेख पर शल्य जी की टिप्पणी के साथ हुआ जो नीचे दी जा रही है। इसके अतिरिक्त मेरी टिप्पणी तथा मुकुन्द जी द्वारा चर्चा के उत्तर में अपने विचार का विशदीकरण भी दिया जा रहा है।

सरला कल्ला

सरला कल्ला

मुकुन्दजी के लेख 'धर्म और नीति : मानव-कर्म के दो आयाम : विरोध या विरोधाभास' के शीर्षक से ही चर्चा आरम्भ करती हूँ। इस लम्बे शीर्षक के बाद भी मुकुंद जी को लगा है कि उनके लेख को 'औचित्यविचार-चर्चा' यह उपशीर्षक दिया जा सकता है। दो अंकों में असमाप्त इस लेख को हम और भी सार्थक उपशीर्षक दे सकते हैं 'कर्म का स्वरूप-विवेचन तथा भोक्तृत्व विमर्श'। बात नाम की नहीं है। धर्म और नीति विषय पर लिखे गये लेख से दोनों के बीच के सम्बन्ध-निरूपण की अपेक्षा जागती है। मुकुन्द ज़ी अभी इस पर पहुँचे ही नहीं हैं। वैसे किसी असमाप्त लेख पर कुछ कहने की अपनी कठिनाइयाँ हैं। सहूलियत भी है कि विचार को अपनी दिशा में बढ़ाया जा सकता है और यही, यदि उनकी विचार-योजना के अनुरूप कहूँ, उनके लेख का औचित्य भी है। 'औचित्य' शब्द का सार्थक रूप से व्यापकतर प्रयोग हो सकता है, ठीक इसी बात की प्रस्तावना उनके लेख का आरम्भ-बिन्दु है। लेख आगे 'कर्म' शब्द के अर्थ व प्रयोग के विस्तार का प्रस्ताव करता है जो लगभग उनका केन्द्रीय बिन्दु जान पड़ता है, क्योंकि वे बार बार उस पर लौटते हैं। विषय का प्रवर्तन करते हुए अपनी बात का आधार वे शल्यजी की इस दृष्टि में पाते हैं कि 'नैतिकता आत्म-चेतना का स्वतंत्र व्यापार है।' इस चेतना में ही औचित्य का उन्मेष निहित है। औचित्य का निकष मनुष्य की आत्मा की अपने से अनुकूलता है। शल्यजी की बात आगे बढ़ाते हुए मुकुन्दजी कहते हैं कि "यदि शल्यजी आत्मा की अपने से अनुकूलता की बात 'कर्म' में ही नहीं पुरुषार्थ मात्र में करते हैं तो औचित्य की बात 'कर्म' में ही नहीं 'ज्ञान' ' भाव' या 'अध्यात्म' में भी उठाई जा सकती है। औचित्य की

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

बात एक तरह से प्रमाण की या खरेपन की बात है और यह बात पुरुषार्थ के अन्य क्षेत्रों में भी की जा सकती है, जबकि शल्यजी उचित-अनुचित के प्रत्यय को नैतिकता से ही जोड़ते हैं।"

अब यह बात या तो शाब्दिक, भाषायी स्तर पर हो रही है या कहीं उससे गहनतर है। कई बार हम किसी पद-प्रयोग का विस्तार या संकोच इस दृष्टि से करते हैं कि इससे यथार्थ की पकड़ अधिक सटीक बनती है, परन्तु इस लेख में ऐसा होना कम से कम मुझे स्पष्ट नहीं हो सका। अब यदि बात भाषायी है तो मुझे लगता है कि 'औचित्य' व 'उचित' दोनों शब्द ठीक एकार्थक नहीं जान पड़ते। "मेरे इस विचार का औचित्य क्या है" और 'क्या मेरा विचार उचित है?' ये दो भिन्न प्रश्न जान पड़ते हैं। पहला प्रश्न ठीक ही वही प्रश्न हो सकता है जिसे मुकुन्दजी युक्तता, संगतता या प्रमाण का प्रश्न कहते हैं। यहाँ किसी विचार की तर्कसम्मतता, उसके आधार का प्रश्न उठाया जा रहा है जबकि दूसरा प्रश्न सीधे से इसे नैतिक संदर्भ से जोड़ता है। जब हम यह पूछ रहे होते हैं कि मेरा अमुक विचार नैतिक दृष्टि से ग़लत तो नहीं है? ठीक तो है? 'उचित' शब्द के प्रयोग को शल्यजी ने, और दूसरे अनेक विचारकों ने भी, 'नैतिकता' तक सीमित किया है तो वह ठीक ही है। वैसे मनुष्य के सृजन के सभी आयाम ही नहीं बल्कि सामाजिक व्यवहार भी युक्तता, आंतरिक संगति की अपेक्षा रखते हैं। यही बात करना औचित्य की बात करना है तो यह मानवीयता के सभी दायरों में की जा सकती है।

वैसे 'उचित' 'अनुचित' पद नैतिकता के पूरे दायरे को नहीं समेटते, चाहे उसे धर्म और नीति दोनों से जोड़ा जाय, जिसे लेखक साध्य व साधन के औचित्य के रूप में भी देखते हैं। 'श्रेयस्कर' 'अश्रेयस्कर' इससे भी व्यापक हैं जिस पर मुकुन्द जी ने स्वयं पहले कभी धर्म-संकट के प्रश्न पर विचार करते हुए लिखा है। किन्तु प्रस्तुत लेख ऐसे किसी विषय की ओर नहीं बढ़ते हुए 'कर्म' के प्रत्यय की चर्चा पर आ जाता है। धर्म और नीति ये कर्म के लक्षण हैं। मुकुन्दजी सुझाते हैं कि 'कर्म' शब्द इससे कहीं व्यापक है, वह धर्म और नीति मात्र की परिधि में नहीं समाता। "हम 'विचार-कर्म', 'कवि-कर्म', 'नृत्य-कर्म' में 'कर्म' शब्द के प्रयोग सार्थक भाव से करते हैं और इनमें धर्म और नीति का प्रश्न उठता ही नहीं दीखता।" देखने की बात यह है कि इन कर्मों में भी औचित्य की बात इनके अर्थ के केन्द्र में है और यह भी कि 'साध्य और औचित्य की बात हम कर्म की तरह विचार में भी कर सकते हैं और यों विचार-कर्म यह भाषा का सार्थक प्रयोग ठहरता है। जहाँ औचित्य की बात उठे, साध्य की बात उठे उसे कर्म कहा जा सकता है"। यह कोई युक्ति नहीं जान पड़ती। मनुष्य के सभी प्रयत्न, और प्रयत्न होंगे तो सोद्देश्य होंगे, उनके साध्य होंगे, यह ठीक है, किन्तु वे सभी 'कर्म' हैं ऐसा कहने से सधता भी क्या है? जहाँ तक मैं मुकुन्द जी का मंतव्य समझ सकी हूँ उनका कर्म का स्वरूप-विवेचन स्वयं ही 'विचार' को या 'कला' को कर्म कहने में बाधा देगा। वे लिखते हैं कि "कर्म एक ओर तो किसी अंतरंग बोध से, संकल्प-विवेक से, औचित्य बोध, औचित्य विमर्श से सम्बन्ध

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

रखता है तो दूसरी ओर अपने निष्पादन में क्रिया से, जो कर्मेन्द्रियों से संभव हो पाती है—इस बाह्यता से भी जुड़ा हुआ है। कर्म हम अपने से बाहर अपने से भिन्न किसी के प्रति करते हैं। बल्कि कर्म और उसके औचित्य-बोध में अन्य की चेतना अविनाभावे निहित है। अब विचार का और कविता का संकल्प से, कर्मेन्द्रियों से क्या सम्बन्ध है और उनमें अन्य की चेतना किस रूप में संश्लिष्ट है?

धर्म और नीति के बारे में वे लिखते हैं कि "कर्म का औचित्य धर्म है, नीति उसके विरुद्ध जाती है। पर धर्म में नीति को समोये बिना कर्म का स्वरूप ही बनता नहीं दिखता।" उनके शब्दों में इसे "कर्म की उलटबाँसी कहा जा सकता है जो धर्म और नीति के भेद-अभेद में बसी है। उलटबाँसी विचार के लिए प्रश्न जगाती है और वहाँ उत्तर की अपेक्षा नहीं होती, यही देखना होता है कि विचार में गहराई कितनी है।" धर्म और नीति के भेद-अभेद पर अभी लेखक को कुछ और कहना बाकी है। इसलिए इस पर कुछ नहीं कहते हुए इस टिप्पणी के साथ बात समाप्त करना चाहती हूँ कि वैचारिक कोटियों की अपनी सीमा होती है। दार्शनिक विचार सीमान्त पर उस ओर भी इंगित करता है जहाँ उसका अपना प्रवेश नहीं है, उलटबाँसियों की भाषा वहीं सार्थक होती है। किन्तु दार्शनिक विमर्श का अपना क्षेत्र भी काफी विस्तृत है जहाँ अधिक सरलता से बात कहने से विचार-विमर्श में सुविधा होती है।

यशदेव शल्य

मुकुन्द जी के इस लेख का कथित उद्देश्य 'धर्म' और 'नीति' में भेद करना और धर्म में नीति के सन्निवेश या धर्म के लिए नीति के उपयोग पर विचार करना है। यह एक महत्त्वपूर्ण विचार-विषय है। किन्तु मुकुन्द जी ने वास्तव में इस लेख में मुख्य रूप से 'औचित्य' पद के प्रयोग पर विचार किया है। इस संदर्भ में उन्होंने 'कर्म' के स्वरूप पर भी थोड़ा विचार किया है यद्यपि इस लेख में वे इसकी गहराई में अधिक नहीं उतरे। इसका कारण शायद यह हो कि 'धर्म-संकट' लेख-माला में उन्होंने कर्म के स्वरूप पर विस्तार से विचार किया है। अब, 'औचित्य' पद के सम्बन्ध में उनका क्या अभिमत है? इस विचार का आरम्भ उन्होंने मेरे द्वारा इस पद के प्रयोग को धर्म तक परिसीमित करने को अस्वीकार करते हुए किया है। किन्तु उनके संपूर्ण लेख को पढ़कर यही प्रतीत होता है कि इस पद के प्रयोग का मुख्य संदर्भ वे भी धर्म ही को मानते हैं। उदाहरणतः पहले वे कहते हैं कि "औचित्य की बात हम पुरुषार्थ के अन्य क्षेत्रों में भी करते हैं—नहीं भी करते हों तो सार्थक भाव से कर सकते हैं। किसी भी क्षेत्र में औचित्य की बात वैसी ही है जैसे प्रमाण की बात, खरेपन की बात। पर हाँ, प्रश्न उठ सकता है कि क्षेत्र-भेद के साथ क्या 'औचित्य' के स्वरूप में भी भेद होता है कि नहीं? होता है तो क्या?" इसी प्रकार आगे—"विचार का अपना औचित्य होता है जो युक्त-अयुक्त, संगत-असंगत जैसी धारणाओं में व्यक्त होता है।" किन्तु आगे वे कहते है कि—"कर्म कुछ साधता है, जिसे साधता है—कर्म का साध्य—उसके औचित्य की कसौटी—या औचित्य का आधार-तत्त्व कहिये—उसी

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

को धर्म कहते हैं। कर्म का औचित्य धर्म है, नीति उसके विरुद्ध जाती है।" "अगर इच्छा जैसी अन्तर की वृत्ति को हम प्रत्यक्ष कह सकते हैं तो धर्म-बोध जैसे अन्य बोधों को क्यों नहीं, जहाँ औचित्य की बात बोध की आत्मा ही होती है।"

यहाँ उल्लेखनीय है कि भाषा में शब्दों के प्रयोग कभी एकार्थारूढ़ नहीं होते, उनका प्रयोग एक अर्थ को केन्द्र में रखकर, जिसे मुकुन्दजी ने प्रयोग की 'आत्मा' कहा है, उससे इधर-उधर के निकटवर्ती क्षेत्रों में भी अपना विस्तार करता रहता है। जैसे 'सुन्दर' शब्द का प्रयोग रूप से लेकर बात, विचार आदि तक के साथ होता है, 'सौन्दर्य शास्त्र' में इसका अर्थ 'रूप-सौंदर्य' में इसके अर्थ से और भी दूर चला जाता है, किन्तु इस शब्द के प्रयोग का केन्द्र रूप के विशेषण के रूप में ही है। इस प्रकार 'विचार का औचित्य सत्य-शोध में है' ऐसा मुकुन्द जी के साथ कहा जा सकता है, किन्तु इस शब्द के 'प्रयोग की आत्मा' धर्म के अन्तर्गत ही है, यह भी कहा जा सकता है।

किन्तु वास्तव में 'कवि-कर्म' 'विचार-कर्म' आदि में यह विचारणीय है कि क्या इनमें 'कर्म' धर्म से असम्बद्ध है? मुकुन्दजी ने 'कर्म' का 'क्रिया' से भेद किया है और ठीक ही किया है। किन्तु द्रष्टव्य है कि **गीता** के "कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वः प्रकृतिजैः गुणैः" में 'कर्म' शब्द का प्रयोग 'क्रिया' के अर्थ में ही किया जा रहा है जो 'अवशः' से स्पष्ट है। यों कर्म और क्रिया में भेद भी कोई अन्तराल-रहित नहीं है, इनके बीच अनेक सोपान होते हैं। लिखने के लिए पैन उठाना, किसी से मिलने जाना से नित्य कर्मों के सोपानों से होते हुए सामाजिक कर्त्तव्य-निर्वाह से योग-साधना तक सब कर्म हैं, किन्तु इनमें कर्मता का न्यूनाधिक्य है। **गीता** ने योग को कर्मता की पराकाष्ठा कहा हैं—कर्मसुकौशलम्—और ठीक ही कहा है, क्योंकि यदि क्रिया को कर्म चेतना की आत्म-चेतनता बनाती है तो योग में चेतना की यह आत्मचेतनता ही परमसाध्य होती है। अब, कविता और विचार में भी कर्म का यह न्यूनाधिक्य होता है और इस न्यूनाधिक्य का निर्धारण योग को सोपानान्त या प्रमाण मान कर ही होता है। कवि-कर्म कवि भी करता है और कवियशःप्रार्थी भी, और इनमें तारतम्य होता है, इसी प्रकार विचार में भी होता है। विचार व्यावहारिक लाभालाभ के लिए भी किया जाता है और सत्य-संधान के लिए भी, और धर्म से बड़ा संधेय सत्य दूसरा कौन-सा हो सकता है?

अब संक्षेप में 'नीति' शब्द के सम्बन्ध में। 'नीति' का मुख्य प्रयोग 'उपाय-कौशल' के अर्थ में होता है—किसी साध्य को पाने के कुशल साधन का प्रयोग नीति है। किन्तु 'नीति' शब्द का प्रयोग धर्म के अर्थ में भी किया जाता है। जैसे 'निन्दन्तु नीति-निपुणाः यदि वा स्तुवन्तु' में इसका प्रयोग इसी अर्थ में हुआ है। मुकुन्दजी ने ही बताया कि रहीम ने भी इस शब्द का प्रयोग इसी अर्थ में किया है। किन्तु यह भी कहा जा सकता है कि मनुष्य के लिए सबसे प्रमुख साध्य तो धर्म ही है, वही सबसे बड़ा उपाय-कौशल भी है : 'ऑनेस्टी इज़ दि बैस्ट पॉलिसी' में यही कहा गया है। किन्तु इसे छोड़ते हुए भी, सामाजिक क्षेत्र में सदुद्देश्य की सिद्धि के लिए ऐसे उपायों का आश्रयण करना पड़ता है जो धर्माधर्म से पृथक् होते हैं। उदाहरण के लिए एक संस्था के संचालन के लिए अर्थ-प्रबन्धन का

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

कौशल अपेक्षित होता है। यहाँ द्रष्टव्य है कि यहाँ भी एक तारतम्य होता है: महात्मा गाँधी के लिए अर्थ-प्रबन्धन भी योग ही के अन्तर्गत था। कहते हैं एक बार आय-व्यय के हिसाब में एक पैसे का अन्तर आने पर उन्होंने काफी समय उस अंतर के निवारण में लगाया और दूसरों के इसे व्यर्थ कहने पर इसे इसीलिए स्वीकार नहीं किया कि इस ढील के घातक परिणाम बड़े भी हो सकते हैं। उनके द्वारा पेंसिल या क़ागज़ का छोटा टुकड़ा भी नहीं फेंकना आदि अर्थ-प्रबन्धन की व्यवहार-नीति को धर्म-नीति से अभिन्न रूप में देखने के ही उदाहरण कहे जा सकते हैं। योग वास्तव में यही है, जहां साधन और साध्य, उपाय-कौशल और उपेय एक हो जाते हैं और यह चेतना के निरन्तर असि-धारा पर रहने, निरन्तर आत्म-चेतन रहने पर ही संभव होता है।

अब संक्षेप में मुकुन्दजी के कर्म के स्वरूप-विवेचन के सम्बन्ध में। वे प्रश्न उठाते हैं कि "कर्म का बाह्य रूप उसके आन्तर रूप से कैसे सम्बद्ध है?" तब वे उत्तर देते हैं कि "कर्म हम अपने से बाहर, अपने से भिन्न और अन्य किसी के प्रति करते हैं। मुझे तो लगता है कि कर्म और उसके औचित्य-बोध में जो अपने से भिन्न और अन्य की चेतना संश्लिष्ट, बल्कि कहना चाहिए कि अविनाभावेन निहित है वही चेतना हमारे बाह्य बोध की भी प्राण है। वही हमें अपने से बाहर जगत् की ओर खींचकर ले जाती है।...पर कर्म में 'बाहर' और उस बाहर में बसने वाला दूसरा कोई, विशेषकर हम जैसा ही दूसरा कोई, भी है इसका बोध चेतना के केन्द्र में होता है। किन्तु यदि ऐसा है तो कविता और विचार को 'कर्म' कैसे कहेंगे? अवश्य विचार भी बाह्योल्लेखी होता है क्योंकि यह किसी विषय की ओर प्रवृत्त होता है, किन्तु वह तो आत्मचेतना मात्र में ही होता है, क्योंकि चेतना का आत्मचेतन होना उसका अपने को विषय रूप में प्रस्तुत करना है।" स्पष्टतः मुकुन्द जी का अभिप्राय यहाँ इस बाह्यता से नहीं है, देशात्मक बाह्यता से है जिसमें अन्य वस्तुएँ और उससे भी अधिक अन्य व्यक्ति अवस्थित होते हैं। यहाँ कर्म को वे 'धर्म' (नैतिक कर्म) के रूप में ही देख रहे हैं और नैतिक या धार्मिक कर्म को समाजपरक रूप में देख रहे हैं, यद्यपि ऐसा वे स्पष्टतः कहने से बच रहे हैं।

किन्तु कर्म के स्वरूप के सम्बन्ध में यह विचार सही नहीं कहा जा सकता। कर्म की प्रवृत्ति यथास्थित के अन्यथाकरण के उद्देश्य से होती है। किन्तु किसके अन्यथाकरण के लिए? अन्य के? किन्तु आत्मचेतना के लिए सबसे पहला अन्य तो आत्मगत अन्य ही होता है। आत्मगत अन्य को अपना विषय, अपना अन्य किये बिना चेतना आत्मचेतन नहीं होती। बाह्य विषय की बाह्यता उसके अनन्तर और उसके आधार पर ही प्रतिष्ठित होती है, किन्तु विषय की ओर अपनी यह अन्यता चेतना का अपने प्रेक्षक भाव को पाने का ही उपक्रम होता है। अनात्मचेतन चेतना वही होती है जो विषय से तदात्म रहती है। अब, मुकुन्दजी यह स्वीकार करते हैं कि केवल आत्मचेतन चेतना की क्रिया ही कर्म होती है। किन्तु यदि ऐसा है तो यह क्रिया अन्य के, अनात्म के, आत्मानुकूल अन्यथाकरण के लिए ही होनी चाहिए। बढ़ई लकड़ी से मेज़ बनाता है, यह बढ़ई-कर्म है, किन्तु इसमें वह निष्पादन क्या करता है? वह लक़ड़ी का और लोक का अन्यथाकरण निष्पादित करता है और इससे जो वह प्रतिफलित करने को लक्षित करता है वह लोक का, अनात्म का

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

आत्मानुकूलित अन्यथाकरण है। बढ़ईगीरी में जो आत्मानुकूलंन की क्रिया होती है वह कला में और अधिक प्रकृष्ट रूप में होती है। और धर्म में उससे अधिक। कर्म की बाह्योल्लेखिता का यही अर्थ है। यह आत्मा के बाह्यकरण के निमित्त से नहीं बाह्य के आत्मसात्करण के निमित्त से प्रवृत्त होना है। कर्म का अर्थ यह मानने पर ही कविता और विचार कर्म कहे जा सकेंगे और योग को सर्वोच्च कर्म कहा जा सकेगा। 'अन्यों के प्रति कर्त्तव्य' का तत्त्व अन्यों की अन्यता का परिहार है न कि अपने से बाहर जाना, अपने को अन्यता में खोना। 'आत्मवत् सर्वभूतेषु' का वास्तविक अर्थ यही है। मुकुन्दजी ने काँट की अनुसारिता में जो 'दूसरे को भी अपने समान विषयी मानने' की बात कही है उसमें भी भेद में अभेद देखने का ही प्रस्ताव है, यह बात दूसरी है कि काँट व्यक्तिभेदपरक दृष्टि से मुक्त नहीं हो सकते थे। अधिकांश विचारक, और मुकुन्द जी उनमें से एक हैं, धर्म-नीति को समाज-सांदर्भिक मानते हैं और समाज को व्यक्तियों की पारस्परिकता के रूप में देखते हैं। यद्यपि मैं समाज-विषयक इस दृष्टि से सहमत नहीं हूँ किन्तु इस दृष्टि को स्वीकार करने पर भी धर्म-नीति का तत्त्व व्यक्तियों की पारस्परिकता और प्रत्येक व्यक्ति की इस पारस्परिकता के प्रति प्रतिबद्धता नहीं है, क्योंकि प्रतिबद्धता का एक आधार पुनः पारस्परिकता ही हो सकता है जैसाकि सट्टा व्यापारियों और डाकुओं में होता है। प्रतिबद्धता का एक दूसरा आधार 'प्रतिबद्धता-भाव' हो सकता है। इस भाव का मूल अन्य समाज में नहीं होता, इसका मूल स्वयं भाव में होता है।

मुकुन्द लाठ

'धर्म और नीति—मानव कर्म के दो आयाम : विरोध या विरोधाभास' इस नाम से जो लेख मैंने आरम्भ किया है उसकी पहली कड़ी (उन्मीलन, जनवरी 1999, वर्ष 13 अंक 1) पर शल्य जी और सरला कल्ला की टिप्पणी से कहूँगा उत्साह ही मिला है—चाहे आलोचना का ही स्वर मुखर हो। पहले सरला कल्ला की बात को लेता हूँ।

लेख अधूरा है, कहना न होगा, यह तो मान कर ही टिप्पणीकार भी चले हैं। पर अधूरा सही, बढ़ किधर रहा है? जिधर बढ़ रहा है क्या कुछ सार्थक उभरता लगता भी है? सरला जी की शिकायत है कि बात शब्द-प्रयोग और भाषा के ही स्तर का प्रपंच लगती है। यह ठीक है कि 'कर्म' और 'औचित्य' इन शब्दों को एक अर्थ-विस्तार देता हुआ मैं आगे चला हूँ। पर इसके पक्ष में पुराने प्रयोग का आधार भी दिया है। न भी देता तो मैं समझता हूँ कोई बड़ा दोष नहीं था। विचार के प्रयोजन विशेष के लिए हम नये शब्द गढ़ लें, या पुराने को व्यापकता दें, तो अनुचित नहीं है। हाँ, प्रयोजन ही अगर थोथा ठहरे तो बात और होगी। प्रयोजन की बात पर आता हूँ। पर एक शब्द-प्रयोग ही पहले लूँ। सरला जी 'उचित' और 'औचित्य' में भेद करना चाहती हैं। केवल इसी अर्थ में नहीं कि 'औचित्य', 'उचित' होने के भाव का सामान्य है—उचितत्व। 'औचित्य' और 'उचित' में गहरा प्रयोग-भेद और यों मूलगत तात्पर्य-भेद देखती हैं। उन्होंने दो प्रश्नों का उदाहरण लिया है—'मेरे इस विचार का औचित्य क्या?', और 'क्या मेरा विचार उचित है?' यहाँ 'औचित्य' का वे व्यापक अर्थ मानने को तैयार हैं : युक्तता, संगतता, प्रमाण, पर 'उचित'

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

को वे नैतिक सन्दर्भ या कर्म के औचित्य तक ही सीमित रखना चाहती हैं। अगर हम मान भी लें कि प्रयोग में यह भेद है, और दर्शन में उनके अनुसार इसका प्रमाण शल्य जी और अन्य दार्शनिकों का है (कौन हैं वे? शल्य जी का कहना है कि उन्होंने ऐसा कोई भेद नहीं किया।) तो भी यह भेद कृत्रिम, थोपा-हुआ-सा भेद नहीं लगता—अविचारित भेद जान पड़ता है। 'औचित्य' अगर 'उचित का भाव', तो एक को सीमित रखना, दूसरे को व्यापक, यह भेद ज़बरदस्ती बनाये रखना पड़ेगा। अगर प्रयोग की असंगति ध्यान में आये तो सवाल उठेगा, क्या यह भेद उचित है? और क्या बात ठीक भी है? अभी अभी जो मैंने 'उचित' का प्रयोग किया, क्या वह भूल है या भ्रान्ति है? या 'अनुचित' है? है तो ऐसा कहने का औचित्य क्या? किसी प्रथागत प्रयोग को औचित्य का आधार ठहराना काफी होगा, जब कि शल्य जी के प्रयोग की बात मैं ने की ही है, और अपने प्रयोग को जानबूझ कर आर्थी व्यापकता दी है। मैं नहीं समझता कि प्रयोग के साथ यह मनमानी है। **औचित्यविचारचर्चा** क्षेमेन्द्र का पुराना और प्रसिद्ध ग्रन्थ है जहाँ क्षेमेन्द्र औचित्य को साहित्य के आधारभूत तत्त्व के रूप में देखते हैं। मैंने अपने लेख को जब 'औचित्यविचार-चर्चा' यह वैकल्पिक शीर्षक दिया था तब क्षेमेन्द्र का ग्रन्थ मन में था। ग्रन्थ प्रसिद्ध है इसलिए नाम नहीं लिया, यह सोच कर कि संकेत ही बहुत है, पाठक भाँप लेंगे। शायद मुझे समझना चाहिये था कि आज के कई पाठकों का संस्कृत से सम्बन्ध नहीं है (अगर भाग्य से पाठक हों भी तो) क्षेमेन्द्र के लिए औचित्य का अर्थ युक्तता और संगति ही है, पर क्षेत्र कव्य का है—रस का—नैतिकता का नहीं। साहित्य में वे नैतिक औचित्य की भी बात करते हैं, पर रस के ही सम्बन्ध में कहते हैं कि कथा नायक अनैतिक हो तो रस-विशेष में यह बात 'विघ्न' हो सकती है—दूसरे शब्दों में अनुचित या औचित्य-हीन। जैसे करुणा जगाना हो तो नायक चरित्रहीन नहीं होना चाहिये, उस से रस-निष्पन्न नहीं होगा। करुण ही नहीं शृंगार के बारे में भी ऐसी बात कही जा सकती है। शृंगार जगाना हो तो रावण को नायक और सीता को नायिका बनाने से औचित्यभंग होगा और रस-भंग। शायद मुझे चाहिये था कि क्षेमेन्द्र के प्रयोग की चर्चा अपने लेख में करता। पर यह चूक मुझे दोष लग नहीं रही, जबकि अपने प्रयोग को खोल कर सामने रख ही दिया है। यहाँ जो बात मैं 'औचित्य' के लिए कह रहा हूँ वही कर्म के लिए भी कही जा सकती है। वहाँ भी अर्थ को विस्तार देने का आश्रय मैंने प्रयोग को ही बनाया है।

पर कहना न होगा कि प्रयोग को भाषा की दृष्टि से उचित ठहराने भर से मेरी सफाई पूरी नहीं हो जाती। इतने ही से मैं भाषा तक सीमित रहने के आरोप से छूट जाने का दावा नहीं कर सकता। विचार कर रहा हूँ तो प्रयोजन में कोई विचारनिष्ठ औचित्य होना चाहिये। विचार की अपनी कोई सार्थकता। यों प्रयोजन भी कुछ खोला है, पर उधर सरला जी का ध्यान गया नहीं लगता। शायद दोष मेरा ही हो—मैंने बात दूसरी और बातें करते हुए इस तरह से कही है कि उस सुर्खी के साथ नहीं उभारी गई है जैसा कि उभारना उचित था। उस बात पर आने से पहले एक बात और कहना चाहता हूँ। कर्म और धर्म पर मैं एक लेख पहले भी लिख चुका हूँ। **उन्मीलन** में ही छपा था और पत्रिका के कुछ

CC0. In Public Domain. Prof. Ambika Dutt Sharma, Varanasi Collection

Digitization by Hindu Heritage Foundation of America-USA

